

पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

62 की उम्र में गोविंदा का गजब ट्रांसफॉर्मेशन !


मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 44 ■ अंक : 116 ■ मंगलवार 14 जुलाई 2026 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A.

Mobile.:- 9822045566

@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com FOLLOW US Google Play GET IT ON ULHAS VIKAS Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe

epaper.ulhasvikas.com


## नपा सभापति, समिति सदस्य के चुनाव संपन्न

■ शिवसेना 2, भाजपा 3 और राकांपा के 2 सभापति बनाए गए



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद 6 विषय समिति के सभापति एवं विषय समिति के सदस्यों के चुनाव सोमवार को बिना चुनाव के ही शिवसेना-भाजपा गठबंधन के कारण दोस्ताना तौर पर संपन्न हुआ. शिवसेना को दो, उसके मित्र पक्ष राकांपा को 2 सभापति पद और भाजपा को तीन समिति का सभापति पद मिला है.

स्टैंडिंग कमेटी पर भाजपा ने कब्जा जमाया है. खास बात ये रही कि किसी भी नामचीन नगरसेवक ने सभापति पद नहीं लिया है. सोमवार को 11 बजे पीठासीन अधिकारी प्रांत अधिकारी विजयानंद शर्मा, मुख्याधिकारी उमाकांत गायकवाड़ एवं कुछ पत्रकारों ने सभागृह में प्रवेश किया, लेकिन शिवसेना-राकांपा के सदस्य 11.30 बजे और भाजपा के सदस्य सवा घंटे बाद यानी सवा बारा बजे सभागृह में आए. दोनों गटनेता रविंद्र करंजुले शिवसेना एवं भाजपा गट नेता अभिजीत करंजुले ने अपने-अपने सभापति एवं विषय समिति के 17 सदस्यों के नाम पीठासीन अधिकारी को पेश किए. छाननी के बाद पीठासीन अधिकारी ने 6 विषय समिति के सभापति एवं सदस्यों के नामों की घोषणा की. बांधकाम समिति सभापति शिवसेना के शैलेश भोईर और शिक्षण सांस्कृतिक क्रीडा समिति सभापति शिवसेना की रेशमा गुडेकर, उपनगराध्यक्ष सदाशिव पाटिल को स्वास्थ्य, वैद्यकीय स्वच्छता समिति का सभापति एवं राकांपा की ही सुनिता पाटिल को जलापूर्ति विभाग का सभापति बनाया गया है. नियोजन, विकास समिति पर भाजपा के महेश फुलोरे को सभापति और महिला बाल कल्याण समिति पर भाजपा की स्वाति पाटिल को अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष शिवसेना की किरण प्रमोद चौबे को बनाया गया है. स्टैंडिंग कमेटी की सभापति नगराध्यक्षा तेजश्री करंजुले रहेंगी, जो कि भाजपा की हैं. उप सभापति पद पर शिवसेना के गटनेता रविंद्र करंजुले और सदस्य में अनिता भोईर, पवन वालेकर भाजपा के साथ सभी विषय समिति के सभापति इसके सदस्य होंगे.

सभा के बाद नगरसेवक कबिर नरेश गायकवाड़ ने हमें बताया कि उन्हें मागासवर्गीय समिति का सभापति बनाने की घोषणा नगराध्यक्षा तेजश्री करंजुले विशेष सभा लेकर घोषणा करेंगी. अंबरनाथ विकास आघाड़ी की ओर से वह सभापति बनाए जा रहे हैं. विशेष सभा की सभापति के बाद पीठासीन अधिकारी शर्मा ने सभी चुने गए सभापति का पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया.

# डैम एरिया में बारिश का इंतजार

■ बारवी डैम में मात्र 49% पानी का स्टोरेज

■ पिछले साल 73 परसेंट था



**ठाणे.** जून के आखिर और जुलाई की शुरुआत में हुई भारी बारिश की वजह से बारवी डैम का पानी का स्टोरेज कुछ हद तक बढ़ा है, लेकिन पिछले चार-पांच दिनों से बारिश कम होने की वजह से डैम का स्टोरेज बढ़ने की रफ़्तार धीमी हो गई है। अभी बारावी डैम में सिर्फ़ 49 परसेंट पानी का स्टोरेज है, जबकि पिछले साल इसी समय में यह 73 परसेंट था। इसलिए डैम एरिया एक बार फिर भारी बारिश का इंतज़ार कर रहा है। इस बीच, पिछले हफ़्ते हुई बारिश के आधार पर ज़िले के किसानों ने भी बुआई शुरू कर दी है। अगर अगले कुछ दिनों में बारिश फिर से तेज़ नहीं हुई, तो किसानों को एक और फ़सल संकट का सामना करना पड़ सकता है।

हालांकि इस जुलाई की शुरुआत में ठीक-ठाक बारिश हुई थी, लेकिन बाद में पड़े सूखे की वजह से पानी के स्टोरेज को लेकर चिंताएं फिर से बढ़ने लगी हैं। मौसम वैज्ञानिक पहले से ही इस साल एल नीनो के असर और उसकी वजह से असमान बारिश की संभावना पर चर्चा कर रहे थे। ऐसे में कुछ इलाकों में भारी बारिश और कुछ इलाकों में लंबे समय तक सूखे की तस्वीर बन रही है। बारवी डैम इलाके में भी लगातार और लगातार बारिश की ज़रूरत है। जुलाई के पहले और दूसरे हफ़्ते में भारी बारिश हुई थी। इस वजह से बारवी डैम 22 परसेंट से 49 परसेंट हो गया था। अगर इसी तरह एक हफ़्ते तक बारिश होती रहती, तो डैम पूरी तरह भर जाता। लेकिन, पिछले चार-पांच दिनों से बारिश नहीं हुई है, इसलिए डैम में पानी के स्टोरेज को लेकर चिंता बढ़ रही है।

### जून से अब तक 1,142.4 mm बारिश रिकॉर्ड

■ इस बीच, जिला प्रशासन के 13 जुलाई के डेटा के मुताबिक, ठाणे जिले में जून से अब तक 1,142 .4 mm बारिश रिकॉर्ड की गई है, जो औसत का 133 .3 प्रतिशत है।

■ पिछले साल, इसी समय के दौरान जिले में 877 .7 mm बारिश रिकॉर्ड की गई थी। इसका मतलब है कि इस साल जिले में 264 .7 mm ज़्यादा बारिश हुई है। हालांकि, इसके बावजूद, बारवी डैम में पानी का स्टोरेज पिछले साल से कम है।

### ■ मानसून की वापसी पर लगी निगाहें

कल्याण-डोंबिवली, भिवंडी, उल्हासनगर, अंबरनाथ समेत लाखों लोगों की पानी की सप्लाई बारवी डैम पर निर्भर करती है। इसलिए, अगर पिछले दो हफ़्तों की तरह अगले कुछ दिनों में डैम इलाके में लगातार और भारी बारिश होती है, तो डैम में पानी का स्टोरेज काफ़ी बढ़ सकता है और बड़ी राहत मिल सकती है। लेकिन, अगर बारिश इसी तरह जारी रही, तो आने वाले दिनों में पानी की सप्लाई की और कड़ी प्लानिंग करनी पड़ सकती है। इसलिए, अब सबका ध्यान एक बार फिर मानसून की वापसी पर है।

## ठेकेदारों को जारी किए गए वर्क ऑर्डर में नियमों की अनदेखी का आरोप

■ नगरसेवक संजय सिंह ने मनपा आयुक्त से की शिकायत

**उल्हासनगर.** मनपा प्रशासन ने उल्हासनगर महानगर पालिका स्टैंडिंग कमेटी में करोड़ों रुपये के निर्माण से जुड़ा कोई प्रस्ताव पास किए बिना आपसी मैनुअल टेंडर के ज़रिए ठेकेदारों को करोड़ों रुपये के वर्क ऑर्डर जारी कर दिए हैं, ऐसा आरोप नगरसेवक संजय सिंह ने लगाया है. सिंह ने इस बारे में मनपा आयुक्त मनीषा अव्हाले को एक निवेदन दिया है।



मनपा के अलग-अलग विकास कामों के लिए जारी किए गए टेंडर की सही जानकारी स्टैंडिंग कमेटी को नहीं दी गई है। नियमों के मुताबिक, सभी टेंडर प्रोसेस को स्टैंडिंग कमेटी के सामने रखना ज़रूरी है। BJP नगरसेवक संजय सिंह ने कमिश्नर को दिए अपने रिप्रेजेंटेशन में आरोप लगाया है कि इसे जानबूझकर नज़रअंदाज़ किया जा रहा है। आरोप है कि मनपा के पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट में करीब 12 करोड़ रुपये के मैनुअल टेंडर जारी किए गए हैं। संजय सिंह ने अपने निवेदन में आरोप लगाया है कि इस बारे में कानून और नियमों का उल्लंघन किया गया है। मनपा के विकास कार्यों के लिए जारी टेंडर में पारदर्शिता की कमी का शक जताते हुए सिंह ने एक बयान में मांग की है कि इस टेंडर के बारे में सारी जानकारी स्टैंडिंग कमेटी को दी जानी चाहिए और ठेकेदारों को सभी पेमेंट तुरंत रोक दिए जाने चाहिए।

## सड़क हादसे में पिता की मौत, बेटा घायल

■ कार चालक हिरासत में

■ बेटे को स्टेशन छोड़ने गया पिता हादसे का हुआ शिकार

■ घायल बेटे का ईलाज अस्पताल में






**उल्हासनगर.** अपने बेटे को स्टेशन छोड़ने घर से निकले एक पिता का सफ़र आखरी साबित हुआ। उल्हासनगर के शहाड इलाके में हुए एक भयानक सड़क हादसे में 51 साल के देवेंद्र सिंह राजपूत की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका बेटा संजय गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना से इलाके में हड़कंप मचा हुआ है और परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। इस मामले में कार चालक अविनाश मुथा को हिरासत में लिया गया है। परिवार की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक, देवेंद्र सिंह रोज़ की तरह अपने बेटे संजय को अपनी एक्टिव गाड़ी से शहाड रेलवे स्टेशन छोड़ने के लिए घर से निकले थे। चूंकि बेटा गाड़ी नहीं चला सकता था, इसलिए वह उसे रोज़ स्टेशन पर छोड़ते थे और फिर उल्हासनगर में एक स्टील की दुकान पर काम करने चले जाते थे। लेकिन, सेंचुरी कंपनी के सामने कमल होटल के पास उनकी टू-व्हीलर गाड़ी को कार ने टक्कर मारी दी इस हादसे में देवेंद्र सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि संजय गंभीर रूप से घायल हो गया उसका ईलाज सेंट्रल अस्पताल में चल रहा है। सहायक पुलिस निरीक्षक ज्ञानेश्वर माली मामले की जांच कर रहे हैं और घायल संजय का बयान दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने एक्टिवा को टक्कर मारने वाली गाड़ी को जब्त कर लिया है और ड्राइवर अविनाश प्रकाश मुथा को हिरासत में ले लिया है। स्थानीय लोगों ने कड़ी कार्रवाई की मांग की है। सेंचुरी से शहाड ब्रिज तक आए दिन हादसों में बढ़ोत्तरी हो गई है। यातायात व पुलिस को इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है।

## महायुति में कोल्ड वॉर पर सांसद ने की कोऑर्डिनेशन मीटिंग

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका में सत्ताधारी महायुति में चल रहे कोल्ड वॉर पर लगाम लगाने के लिए आखिरकार सीनियर लेवल से कोशिशें शुरू हो गई हैं। शिवसेना-BJP के बीच बढ़ते मतभेदों को दूर करने के लिए MP डॉ. श्रीकांत शिंदे ने मुंबई में दोनों पार्टियों के बड़े नेताओं की कोऑर्डिनेशन मीटिंग बुलाई। हालांकि, इस मीटिंग में BJP नेताओं ने इस बात पर कड़ी नाराज़गी जताई कि महानगरपालिका में ज़रूरी फ़ैसलों और पावर शेयरिंग में उन्हें बार-बार नज़रअंदाज़ किया जा रहा है।

उल्हासनगर महानगरपालिका में दोनों पार्टियों के बीच कोल्ड वॉर अभी भी जारी है। इसी बैकग्राउंड में MP डॉ. शिंदे ने मुंबई में महायुति में दोनों पार्टियों के बड़े नेताओं की कोऑर्डिनेशन मीटिंग की। सूत्रों के मुताबिक, MP डॉ. श्रीकांत शिंदे ने अंबरनाथ की तरह उल्हासनगर में महायुति में कोऑर्डिनेशन बढ़ाकर शहर के डेवलपमेंट के लिए मिलकर काम करने का मैसेज दिया। इस बात पर खास ज़ोर दिया गया कि भविष्य में कोई मतभेद न हो।

## भाऊ परसराम झूलेलाल मंदिर में चालिहा महापर्व 16 जुलाई से शुरू

**उल्हासनगर।** उल्हासनगर-1 स्थित भाऊ परसराम झुलेलाल मंदिर का 40 दिनों तक चलने वाला सिंधी समाज का महाव्रत महापर्व चालिहा साहेब की शुरवात गुरुवार 16 जुलाई 2026 से हो रही है। इस महापर्व को लेकर समाज में काफी उत्साह है।



ज्ञात हो कि उल्हासनगर-1 स्थित भाऊ परसराम झुलेलाल मंदिर में हर वर्ष चालिहा महापर्व धूमधाम के साथ मनाया जाता है। जहां भाऊ परसराम झुलेलाल मंडली व मंदिर प्रमुख भाऊ लीलाराम की अगुवाई में इसकी शुरुवात होती है। चालीस दिनों तक चलने वाले इस महापर्व में उपवास के साथ सिंधी समाज की आस्था और एकजुटता नजर आती है। इस पर्व के दौरान श्रद्धालु अपने ईष्टदेव भगवान झुलेलाल साईं की आराधना करते हैं और श्रद्धापूर्वक उपवास का पालन करते हैं। भजन कीर्तन, ज्योत जलाते हुए पूजा अर्चना में लीन रहते हैं। भाऊ परसराम झूलेलाल मंदिर में 40 दिनों तक मेले जैसे माहौल रहता है। मंदिर में ट्रस्ट व सेवाधरियों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए विशेष प्रसाद की व्यवस्था भी की जाती है। 40 दिनों तक लाल साईं की धून में श्रद्धालु भक्ति में खुद को समर्पण कर उपवास में लीन रहते हैं। मंदिर प्रबंधकों ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि समय पर आकर पारंपारिक तरीके से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी दर्शन व प्रसाद का लाभ उठाएं और मेले का आनंद लें।

## सफाई कर्मचारी की एक लड़की डॉक्टर, दूसरी वकील, तो तीसरी चार्टर्ड एकाउंटेंट

■ अंबरनाथ शहर के लिए उदाहरण बना हुसैन जहांगीरदार



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद में एक सफाई कर्मचारी ऐसा है, जिसकी तीनों लड़कियों ने उच्च शिक्षण प्राप्त करते हुए एक डॉक्टर है, तो दूसरी वकील और तीसरी छोटी लड़की नेहा हुसैन जहांगीरदार ने हाल ही में चार्टर्ड एकाउंटेंट का कोर्स पूरा किया है. इस गरीब कर्मचारी मोहम्मद हुसैन जहांगीर ने अपनी पूरी कमाई लगाकर अपना खून पसीना एक करके तीनों लड़कियों को शिक्षण दिया है. लड़कियों ने भी उनके भरोसे को कायम रखते हुए समाज में अपना और माता-पिता का नाम रोशन किया है.

अंबरनाथ मुस्लिम समाज में शायद ही ऐसा कोई पिता होगा, जिसकी एक लड़की डॉक्टर, दूसरी वकील और तीसरी सीए हो.

बड़ी लड़की का नाम सोफिया जहांगीरदार, मंझली लड़की का नाम एड. सोनिया जहांगीरदार और छोटी लड़की का नाम नेहा जहांगीरदार, जिसनें सीए करने के बाद दो दिनों पूर्व ग्लोब बिजनेस पार्क में एम.एम. जहांगीरदार एंड एसोसिएट के नाम से प्रैक्टिस शुरू किया है. जिन्हें बधाई देने के लिए शहर के बिल्डर, मुस्लिम जमात अध्यक्ष एवं ट्रस्टी पत्रकार नगर परिषद के कर्मचारी आदि पहुंचे.

हुसैन जहागीरदार पांच वक्त की नमाजी हैं. वे दसवीं पास हैं. उनकी पत्नी सुरय्या जहांगीरदार चौथी पास है. दोनों ने कम शिक्षा प्राप्त की है, लेकिन अपने लड़कियों को शिक्षित कर ऊंचे मुकाम पर पहुंचाया है. शहर में चारों तरप से उनको बधाई दी जा रही है. ये अंबरनाथ शहर में एक उदाहरण बन गया है.

## दीपक शेलके की मौत के मामले की जांच विद्युत निरीक्षक करेंगे

**उल्हासनगर.** महावितरण ने साफ किया है कि म्हारल गांव में बिजली का झटका लगने से दीपक शेलके की मौत के मामले की जांच विद्युत निरीक्षक करेंगे। महावितरण के शेलके को कोई सरकारी काम नहीं दिया गया था। जानकारी के मुताबिक, बिजली लाइन के पास जाने से पहले उन्होंने महावितरण सिस्टम को कोई पहले से जानकारी नहीं दी थी।

महावितरण ने साफ किया है कि पूरे मामले की सच्चाई का पता लगाने और जिम्मेदारी तय करने के लिए एक बिजली इंस्पेक्टर से निष्पक्ष जांच कराई जाएगी।

## सफाई कर्मचारी टूटे-फूटे उपकरणों पर कर रहे काम

**उल्हासनगर.** 'स्वच्छ सर्वेक्षण' कैंपेन के तहत शहर के साफ-सुथरे होने का दावा किया जा रहा है, वहीं उल्हासनगर में सफाई कर्मचारियों को टूटे-फूटे हाथगाड़ी के सहारे काम करना पड़ रहा है। इस स्थिति ने न सिर्फ कर्मचारियों की सुरक्षा बल्कि शहर के सफाई सिस्टम पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

कैंप नंबर 5 इलाके में देखा गया है कि हाथगाड़ी के पहिए टूटे हुए हैं, लोहे के हिस्से मुड़े हुए हैं और कचरा ले जाने के लिए जरूरी सुविधाएं नहीं हैं। इस वजह से



सफाई कर्मचारियों को अपने रोजमर्रा के काम में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नतीजतन, कचरा उठाने का काम भी धीरे-धीरे हो रहा है। इसका सीधा असर शहर की सफाई पर पड़ रहा है।

सोशल एक्टिविस्ट राधाकृष्ण साठे के इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के बाद मनपा के सफाई विभाग के काम की कड़ी आलोचना हो रही है। शहर की सफाई पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन सफाई कर्मचारियों को बेसिक सामान भी न मिलने से प्रशासन की प्लानिंग पर सवाल उठ रहे हैं।

टूटे हुए हाथगाड़ी कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए भी खतरा बन गए हैं। नागरिक सवाल उठा रहे हैं कि अगर कोई हादसा होता है तो कौन जिम्मेदार होगा। इसलिए, नागरिकों की पुरजोर मांग है कि संबंधित अधिकारी तुरंत इस मामले का संज्ञान लें और नए और अच्छी क्वालिटी के हाथगाड़ी उपलब्ध कराएं, साथ ही सफाई व्यवस्था में कमियों को दूर करने और नागरिकों को साफ और सुरक्षित शहर देने के लिए ठोस कदम उठाएं।






## कल्याण-डोंबिवली में गड्ढों की वजह से ट्रैफिक जाम

■ नौकरीपेशा व स्टूडेंट्स की हालत खराब

**कल्याण.** पिछले हफ्ते हुई भारी बारिश की वजह से कल्याण-डोंबिवली मनपा की हद में ज़्यादातर डामर की सड़कों पर गड्ढे हो गए हैं। इन गड्ढों की वजह से गाड़ियां बहुत धीरे चल रही हैं, जिससे ट्रैफिक जाम हो रहा है. इन गड्ढों से सबसे ज़्यादा परेशानी नौकरीपेशा और स्कूल स्टूडेंट्स को हो रही है।

जून में बारिश शुरू होने से पहले, मनपा के बांधकाम विभाग ने कल्याण-डोंबिवली शहर में सड़कों पर बने गड्ढों को भरने और सड़कों को अच्छी हालत में बनाने का काम शुरू किया था। पिछले हफ्ते भारी बारिश हुई। शहरों में पानी भर गया। इस बारिश की वजह से शहर की डामर की सड़कें बदहाल हो गई हैं।

MMRDA की बनाई कुछ सीमेंट कंक्रीट सड़कों पर भारी गाड़ियों की वजह से अंडरग्राउंड सीवर के ढक्कन खराब हो रहे हैं, जिससे आस-पास की सड़कें खराब हो रही हैं।



डोंबिवली शहर के मानपाड़ा रोड पर चार रस्ता और बिज़ी चौराहे पर गड्ढे हो गए हैं। चार रस्ता, लोकमान्य तिलक स्टैच्यू और घारडा सर्कल के बीच सड़क पर गड्ढे हो गए हैं। शहर की कई सड़कों पर पानी निकालने के लिए गड्ढे खोदे गए हैं। क्योंकि वे गड्ढे वैसे ही पड़े हैं, इसलिए गाड़ियों के इन इलाकों में ज़ोर से टकराने और एक्सीडेंट होने का खतरा बना रहता है। ये गड्ढे एस. वी. जोशी स्कूल, कोपर फ्लाईओवर, डोंबिवली वेस्ट में रागई मंदिर, नेहरू रोड पर गणेश मंदिर इलाके में मिल रहे हैं।

डोंबिवली वेस्ट में रेलवे ग्राउंड से रागई मंदिर से पेट्रोल पंप तक, आयरे गांव में अंदरूनी सड़कें, नंदीवली समर्थ मठ रोड, टिटवाला, मांडा, कोलसेवाड़ी, कटेमानिवली, शहाड़, वालधुनी, तिसगांव, चक्कीनाका, कल्याण में मलंग रोड पर कई जगहों पर गड्ढे हो गए हैं। इन गड्ढों की वजह से सुबह और शाम ट्रैफिक जाम लग रहा है, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। ट्रैफिक पुलिस इस ट्रैफिक जाम को ठीक करने के लिए जूझ रही है।

मानसून से पहले गड्ढे भरने का काम पूरा होने के बाद, भारी बारिश शुरू हो गई है। इस बारिश में सड़कों पर जहां गड्ढे हो गए हैं, वहां कॉन्ट्रैक्टर ने उन्हें भरना शुरू कर दिया है। गड्ढे भरने का काम जल्दी हो, इसके लिए महानगर पालिका के 10 वार्ड में कुल 20 कॉन्ट्रैक्टर एजेंसियों को नियुक्त किया गया है।

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

उल्हास विकास
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## कैसे सुधरेगी शिक्षा व्यवस्था?

शिक्षा का अर्थ केवल किसी विषय के ज्ञान का संग्रह नहीं, बल्कि बौद्धिक कौशल, विश्लेषणात्मक सोच तथा व्यावहारिक, सामाजिक और भावनात्मक क्षमताओं का विकास है। इसका जिम्मा शिक्षक के कंधों पर होता है, जो विद्यार्थी के भविष्य का निर्माण करता है। इसके लिए विद्यालयों में विद्यार्थियों और शिक्षकों की संख्या के बीच सही अनुपात होना भी जरूरी है, क्योंकि इसी से तय होता है कि शिक्षा की गुणवत्ता का स्तर कैसा होगा।

मगर सरकार के ताजा आंकड़ों पर गौर करें, तो स्थिति चिंताजनक नजर आती है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की 'यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफार्मेशन सिस्टम फार एजुकेशन प्लस' 2025-26 की रिपोर्ट के मुताबिक, देश में एक लाख से अधिक विद्यालय ऐसे हैं, जहां केवल एक ही शिक्षक तैनात है। इससे यह अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है कि इन विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता कैसी होगी। रिपोर्ट में एक और चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है कि वर्ष 2023-24 और 2025-26 के बीच सरकारी विद्यालयों के दाखिले में करीब 86 लाख की कमी दर्ज की गई है।

सरकार के ये आंकड़े न केवल शिक्षा की गुणवत्ता, बल्कि शिक्षा में समानता पर भी सवाल खड़े करते हैं। जाहिर है कि सरकारी विद्यालयों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चे ही दाखिला लेते हैं और अगर शिक्षकों की कमी के कारण उनकी पढ़ाई प्रभावित होती है, तो यह उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित कर देता है। सरकार का तर्क है कि एक ही शिक्षक के सहारे संचालित किए जा रहे विद्यालयों की संख्या में वर्ष 2025-26 में उससे पहले के वर्ष की तुलना में कुछ कमी आई है, लेकिन क्या यह मामूली सुधार संतोषजनक स्थिति के लिए काफी है?

किसी विद्यालय में एक ही शिक्षक का होना यह दर्शाता है कि सरकार की शिक्षा नीति में खामियां हैं, जिनका खमियाजा विद्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा है। रिपोर्ट से पता चलता है कि सरकारी विद्यालयों में जहां बच्चों के दाखिले में कमी आ रही है, वहीं वर्ष 2023-24 और 2025-26 के दौरान निजी स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या में 88 लाख से अधिक की वृद्धि हुई है। इससे स्पष्ट है कि सरकारी विद्यालयों पर आम लोगों का भरोसा कमजोर हो रहा है और सरकार को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।

विमर्श

# ईंधन में आत्मनिर्भर बनाएगा एथनॉल

आजादी के बाद भारत में कुछ ऐसे फैसले हुए हैं, जिन्होंने देश की तस्वीर बदल दी। हरित क्रांति ने हमें अनाज में आत्मनिर्भर बनाया। अब सरकार का एथनॉल कार्यक्रम का मकसद है ईंधन में आत्मनिर्भरता। भारत हर साल कच्चे तेल के आयात पर सात लाख करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च करता है। यह पैसा विदेश जाता है, हमारी अर्थव्यवस्था पर बोझ बढ़ता है और हम दूसरे देशों पर निर्भर रहते हैं। जब खाड़ी देशों में तनाव होता है, तब कच्चे तेल के दाम बढ़ते हैं और उसकी मार सीधे आम भारतीय की जेब पर पड़ती है। सरकार का एथनॉल मिशन इसी निर्भरता को तोड़ने की कोशिश है। सरल शब्दों में कहें तो अपने गन्ने से, अपने खेतों से, अपना ईंधन बनाओ।

इसी दिशा में हाल में केंद्र सरकार ने 22 प्रतिशत, 25 प्रतिशत, 27 प्रतिशत और 30 प्रतिशत एथनॉल मिले पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी हटा दी। इसका सीधा मतलब है कि अब ज्यादा एथनॉल वाला पेट्रोल बनाना सस्ता होगा। इसके साथ सरकार ने 100 प्रतिशत एथनॉल को भी कानूनी मान्यता दे दी है। जब 2018 में यह योजना शुरू हुई थी, तब पेट्रोल में एथनॉल की मात्रा पांच प्रतिशत से भी कम थी। 2023-24 में यह बढ़कर 15 प्रतिशत से अधिक हो गई। आज पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल (ई-20 ईंधन) मिलाया जा रहा है। ई-20 के राष्ट्रीय स्तर पर लागू होने से सालाना करीब 30,000 करोड़ रुपये का आयात बिल कम होने का अनुमान है।

एथनॉल बनाने के लिए भारत के पास पर्याप्त संसाधन हैं। आज ज्यादातर एथनॉल गन्ने के शीरे और खराब या अतिरिक्त अनाज से बनाया जाता है, लेकिन भविष्य में इसके लिए और भी कई स्रोत उपलब्ध हैं। बांस, पराली, फसल कटाई के बाद खेतों में बचा हुआ अवशेष और नगरों से निकलने वाले कुछ प्रकार के कचरे से भी एथनॉल बनाया जा सकता है। इसे दूसरी पीढ़ी का एथनॉल कहा जाता है। इसके लिए खाने-पीने की फसलों का उपयोग नहीं होता, इसलिए खाद्य सुरक्षा पर कोई असर नहीं पड़ता। सरकार भी ऐसी परियोजनाओं को बढ़ावा दे रही है, जिससे भविष्य में एथनॉल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। इसका सबसे बड़ा फायदा किसानों को मिला है।




उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और बिहार के गन्ना किसान लंबे समय से कम दाम और चीनी मिलों से भुगतान में देरी जैसी समस्याओं का सामना कर रहे थे। एथनॉल योजना ने इस स्थिति को बदलना शुरू कर दिया है। अब सरकार की गारंटी के साथ डिस्टिलरी एथनॉल खरीदती है, जिससे चीनी मिलों को अतिरिक्त आय का स्रोत मिला है। इसका लाभ किसानों तक भी पहुंच रहा है और उन्हें समय पर भुगतान मिल रहा है। पर्यावरण की बात करें तो एथनॉल मिश्रित पेट्रोल से धुआं कम निकलता है। गाड़ियों से निकलने वाले हानिकारक कण और कार्बन मोनोआक्साइड की मात्रा घटती है। इलेक्ट्रिक गाड़ियां और सोलर पैनल भी जरूरी हैं, लेकिन उनके लिए बहुत पैसा और लंबा इंतजार चाहिए। एथनॉल सम्मिश्रण आज की गाड़ियों, आज के पेट्रोल पंपों और आज की खेती से काम करता है, यही इसकी सबसे बड़ी ताकत है।

अब सवाल उठता है, अगर एथनॉल की मात्रा बढ़ती जाएगी तो आने वाली गाड़ियां कैसी होंगी? इसका जवाब है फ्लेक्स फ्यूल वाहन। ये गाड़ियां पेट्रोल, एथनॉल या दोनों के किसी भी मिश्रण पर चल सकती हैं। इनमें स्मार्ट इंजन होता है, जो खुद समझ लेता है कि टंकी में कौन सा ईंधन है और उसी हिसाब से काम करता है। यही फ्लेक्स फ्यूल की असली खूबी है। मारुति की वैगन-आर का फ्लेक्स फ्यूल माडल बाजार में आ चुका है। इसमें एथनॉल सेंसर, बेहतर फ्यूल इंजेक्शन सिस्टम और जंग-रोधी पुर्जे लगे हैं, जो ज्यादा एथनॉल को झेल सकें। ई-20 को लेकर सबसे अधिक चर्चा माइलेज पर होती है। हाल में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने भी स्वीकार किया कि एथनॉल का कैलोरी मान पेट्रोल से कम होने के कारण ई-20 ईंधन पर माइलेज में मामूली कमी आ सकती है। हालांकि यह प्रभाव सामान्य परिस्थितियों में सीमित रहता है और ई-20 के कारण वाहनों को भी किसी प्रकार की क्षति होने का कोई प्रमाण नहीं मिला है। फ्लेक्स-फ्यूल इंजनों के लिए किए गए परीक्षणों में भी माइलेज दक्षता पर कोई गंभीर प्रभाव नहीं पाया गया।





हम में से हरेक को वो सब दिया गया है जो हमें अपने सच्चे स्वरूप को जानने के लिए चाहिए।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# लॉरेंस बिश्नोई के नेटवर्क पर सख्त कार्रवाई जरूरी

यह चिंता की बात है कि देश की जेल में बंद होने के बावजूद किसी कैदी पर अपनी आपराधिक गतिविधियां संचालित करने के आरोप लगते हैं और मामला अन्य देशों के दायरे में भी पहुंच जाता है। सरकार को जहां समय रहते इस मसले पर सख्त कदम उठाना चाहिए था, वहां उसने लगातार इस सवाल की अनदेखी की कि जेल में होने के बावजूद कोई कैदी कैसे अपनी मनमानी कर पा रहा है और उसे किसका संरक्षण मिला हुआ है। ऐसे आरोप आम रहे हैं कि कुख्यात अपराधी लारेंस बिश्नोई जेल में बंद होने के बावजूद देश और विदेश में काम कर रहे अपने गिरोह के जरिए हत्या, रंगदारी और फिरौती जैसे गंभीर अपराधों को अंजाम देता रहा है।

अब अमेरिका के न्याय विभाग के आरोपपत्र में लारेंस बिश्नोई गिरोह को अभिनेता सलमान खान के घर पर गोलीबारी, पंजाबी अभिनेता और गायक गिप्पी ग्रेवाल को धमकी तथा पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या को अंजाम दिलाने जैसी कई घटनाओं के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है। आरोपपत्र में यह भी कहा गया है कि इस संगठित गिरोह के सदस्यों ने अक्सर भारत और विदेश में बसे भारतीय समुदाय की सांस्कृतिक और राजनीतिक हस्तियों तथा बड़े व्यावसायियों को हिंसा का निशाना बनाया।



जाहिर है, लारेंस बिश्नोई की हरकतों के बारे में जितनी भी जानकारी सामने आ सकी है, उस आलोक में अमेरिका के न्याय विभाग के आरोपपत्र में आए तथ्य हैरान नहीं करते हैं। मगर यह समझना मुश्किल है कि वह अपनी आपराधिक योजनाएं बनाने से लेकर उन्हें अंजाम देने तक की सुविधाएं कैसे और किसके जरिए हासिल करता रहा। अब एक अभियान के तहत अमेरिका, कनाडा और स्पेन की कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने मिल कर जो कार्रवाई की है, उसमें तीन देशों में चौबीस लोगों की गिरफ्तारी की गई और सैंतीस के खिलाफ आरोप तय किए गए। विचित्र यह है कि बिश्नोई की आपराधिक गतिविधियों के लिए किसी अन्य देश में आरोपपत्र तय किए जाते हैं, लेकिन भारत में ऐसी ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई, जिससे जेल में बंद एक कुख्यात कैदी को अपना अपराध-तंत्र संचालित करने से रोका जा सके। बिश्नोई के गिरोह के सदस्य सोशल मीडिया पर अपना प्रभाव बढ़ाने और भय पैदा करने के लिए खुलेआम धमकी जारी करते थे, तो उनके खिलाफ समय पर कार्रवाई क्यों नहीं की गई?

गौरतलब है कि कनाडा में एक खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप लारेंस बिश्नोई गिरोह पर लगा था और उसी संदर्भ में भारत और कनाडा के बीच गंभीर कूटनीतिक विवाद पैदा हो गया था। अब अमेरिकी न्याय विभाग के आरोपपत्र के बाद सबसे बड़ी चुनौती यह है कि भारत में पुलिस बिश्नोई को जेल में मोबाइल फोन और इंटरनेट आधारित संचार उपकरणों का उपयोग करने की सुविधा देने वाले तंत्र का पता लगाए और उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करे।

बिश्नोई अगर जेल में बंद रहते हुए भी अपनी आपराधिक योजनाओं को अंजाम दे पाता था, तो उसमें यही पहलू सबसे अहम है कि उसे तकनीकी संसाधन कैसे हासिल हुए और उसे मुहैया कराने तथा आसानी से उसका इस्तेमाल करने की सुविधा उसे किसके संरक्षण में मिलती थी।

क्या इसमें सिर्फ संबंधित जेल के कर्मचारियों या अधिकारियों की मिलीभगत थी या फिर उसके तार उच्च स्तर पर कहीं जुड़े थे? उम्मीद की जानी चाहिए कि भारत में लारेंस बिश्नोई को जेल में एक आम कैदी की तरह ही रखा जाएगा और उस पर भी कानून के सख्त प्रावधान लागू होंगे।

# भारत के इस मंदिर में लगा है सबसे बड़ा घंटा

देशभर के मंदिरों में अलग-अलग आकार के घंटे लगे हैं, लेकिन मध्य प्रदेश के मंदसौर में स्थापित एक

**जरा हट के**

विशाल घंटा अपनी भव्यता और अनोखी खासियत के कारण विशेष पहचान रखता है.

मंदसौर स्थित भगवान पशुपतिनाथ मंदिर परिसर के पास बने सहस्त्र शिवलिंग मंदिर में करीब 3,700 किलोग्राम (लगभग 37 क्विंटल) वजन का महा घंटा स्थापित है. इसे भारत के सबसे बड़े मंदिर घंटों में गिना जाता है. लगभग 7.5 फीट ऊंचा और करीब 6.5 फीट व्यास वाला यह घंटा अपने विशाल आकार के कारण दूर-दूर से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बना रहता है.

इस महा घंटे का निर्माण भी अपने आप में प्रेरणादायक कहानी है. इसे बनाने का संकल्प एक सामाजिक एवं धार्मिक संस्था ने लिया था. इसके बाद संस्था के सदस्यों ने



कई वर्षों तक गांव-गांव और शहर-शहर जाकर लोगों से पुराने पीतल और तांबे के बर्तन एकत्र किए. श्रद्धालुओं ने न केवल धातु दान की, बल्कि आर्थिक सहयोग भी दिया. करीब तीन साल तक चले इस अभियान के बाद इकट्ठा की गई धातु को गुजरात के अहमदाबाद भेजा गया, जहां अनुभवी कारीगरों ने लगभग छह महीने की मेहनत से इस विशाल घंटे को तैयार किया.

बताया जाता है कि घंटे को ढालने के बाद उसे प्राकृतिक तरीके से मजबूत बनाने के लिए कुछ समय तक जमीन में सुरक्षित रखा गया. इस पूरे निर्माण कार्य में करीब 36 लाख रुपये की लागत आई. तैयार होने के बाद इस भारी-भरकम घंटे को विशेष ट्रॉली की मदद से गुजरात से मंदसौर लाया गया है. मंदिर परिसर में इसे स्थापित करना भी किसी चुनौती से कम नहीं था. इसके लिए मजबूत लोहे का विशेष ढांचा तैयार किया गया और गहरी नींव बनाकर भारी क्रेन की सहायता से घंटे को सुरक्षित स्थान पर स्थापित किया गया.

इस घंटे की सबसे बड़ी विशेषता इसकी गूंज है. स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, जब यह घंटा बजता है तो इसकी आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनाई देती है.

खाना-खजाना

# 'बेसन का हलवा'

**सामग्री:**

- बेसन- 1 कटोरी
- देशी घी- 3/4 कटोरी
- चीनी- 3/4 कटोरी
- पानी या दूध- 2.5 कटोरी
- सूजी- 1 बड़ा चम्मच
- इलायची पाउडर- 1/2 छोटा चम्मच
- ड्राई फ्रूट्स- 2 बड़े चम्मच
- केसर के धागे- 7-8

**विधि:**

सबसे पहले एक पैन में ढाई कटोरी पानी लें फिर इसमें चीनी और केसर के धागे डालकर गैस पर रख दें। उबाल आने के बाद गैस बंद कर दें और इसे एक तरफ रख दें।

अब एक भारी तले की कढ़ाई में दो चम्मच घी गरम करें। इसमें कटे हुए काजू और बादाम डालकर हल्का सुनहरा होने तक भून लें और इन्हें एक प्लेट में निकाल कर रख लें। अब बची हुई कढ़ाई में सारा घी डाल दें और घी पिघलने पर इसमें बेसन और एक चम्मच सूजी डालें। सूजी मिलाने से बेसन का हलवा



चिपचिपा नहीं बनता और बेहतरीन दानेदार टेक्सचर आता है।

अब गैस की आंच को बिल्कुल धीमा कर दें और बेसन को लगातार चलाते हुए भूनें। शुरुआत में बेसन सारा घी सोख लेगा और भारी लगेगा, लेकिन जैसे-जैसे बेसन भुनेगा, यह घी छोड़ना शुरू कर देगा।

लगभग 12-15 मिनट में बेसन का रंग गोल्डन ब्राउन हो जाएगा और पूरे घर में सोंधी-सोंधी खुशबू आने लगेगी। जब बेसन अच्छी तरह भुन जाए, तो गैस की आंच को धीमा ही रखते हुए, एक हाथ से चीनी का गर्म पानी थोड़ा-थोड़ा करके कड़ाही में डालें और दूसरे हाथ से बेसन को लगातार चलाते रहें, ताकि गुठलियां न बनें। 3-4 मिनट में ही मिश्रण गाढ़ा होकर कड़ाही के किनारे छोड़ने लगेगा। अब हलवे में इलायची पाउडर, भुने हुए ड्राई फ्रूट्स और बचा हुआ एक चम्मच घी डालें। लास्ट में घी डालने से हलवे में एक बेहतरीन चमक आती है। सभी चीजों को अच्छे से मिलाकर एक मिनट और पकाएं, फिर गैस बंद कर दें।

## आज का राशिफल

**मेष** : व्यापार-व्यवसाय में बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। निवेश शुभ रहेगा। भाग्य का साथ रहेगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। कुबुद्धि हावी रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। विवाद से दूर रहें। कुसंगति से बचें।

**वृषभ** : यात्रा मनोरंजक रहेगी। किसी मांगलिक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ होगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड में सोच-समझकर हाथ डालें। जल्दबाजी न करें।

**मिथुन** : व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। समय का अपव्यय होगा। दूर से दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है। विवाद से क्लेश होगा। काम में मन नहीं लगेगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी व्यक्ति विशेष से अनबन हो सकती है। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

**कर्क** : कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। धनार्जन होगा।

**सिंह** : शत्रु शांत रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। घर में प्रतिष्ठित अतिथियों का आगमन हो सकता है। व्यय होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आय बनी रहेगी। दुष्टजनों से दूर रहें। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**कन्या** : भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार प्राप्ति सहज ही होगी। व्यावसायिक यात्रा से लाभ होगा। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। निवेशादि शुभ रहेंगे। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। किसी बड़ी समस्या का हल प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें।

**तुला** : अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। शत्रु शांत रहेंगे। ऐश्वर्य पर खर्च होगा।

**वृश्चिक** : प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। शुभ समाचार मिल सकता है। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय रहेगा। लेन-देन में सावधानी रखें। चिंता रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। मान-सम्मान मिलेगा। आय में वृद्धि होगी।

**धनु** : आराम का समय मिलेगा। आशंका-कुशंका रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। कारोबारी नए अनुबंध हो सकते हैं, प्रयास करें। आय में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। प्रमाद न करें।

**मकर** : यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। राजभय रहेगा। जल्दबाजी व विवाद करने से बचें। थकान महसूस होगी। किसी के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल रहेंगे। धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। पूजा-पाठ में मन लगेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**कुंभ** : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा
वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शारीरिक शिथिलता रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। किसी अपने का व्यवहार प्रतिकूल रहेगा। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं। नौकरी में अधिकारी की नाराजी झेलना पड़ेगी।

**मीन** : कष्ट, भय व चिंता का वातावरण बन सकता है। विवेक से कार्य करें। समस्या दूर होगी। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति मनोनुकूल बनेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। कारोबारी लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में शांति रहेगी। सहकर्मियों का साथ मिलेगा। धनार्जन होगा।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# घंटों पढ़ाई के दौरान बार-बार भटकता है मन?

## फोकस बढ़ाने के लिए आज ही आजमाएं ये 5 साइंटिफिक और असरदार तरीके

क्या आपके साथ भी ऐसा होता है कि आप पूरी तैयारी और जोश के साथ हाथ में किताब लेकर बैठते हैं, लेकिन कुछ ही मिनटों में दिमाग 'नो-सिग्नल' वाले ज़ोन में चला जाता है? अगर आप भी इस 'फोकस हटने' से परेशान हैं और अपनी पढ़ाई को सुपर-इफेक्टिव बनाना चाहते हैं, तो अब टेंशन छोड़िए. आज हम आपको बताने जा रहे हैं ऐसे 5 साइंटिफिक और असरदार तरीके, जो न सिर्फ आपके भटकते मन को काबू में लाएंगे, बल्कि आपकी याद रखने की क्षमता (Memory Power) को भी बूस्ट करेंगे. तो चलिए, जानते हैं.



### 1. 25-30 मिनट के स्टडी सेशन बनाएं

American Psychological Association (APA) ने जब मल्टीटास्किंग, ध्यान भटकने और एक समय में एक काम करने के फायदों पर शोध किया और पाया कि दिमाग लगातार कई घंटों तक एक जैसी गतिविधि पर पूरी क्षमता से काम नहीं कर पाता. इसलिए पढ़ाई को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटना ज्यादा फायदेमंद माना जाता है. आप 25 या 30 मिनट तक पूरी एकाग्रता से पढ़ें और फिर 5 मिनट का छोटा ब्रेक लें. इस दौरान थोड़ा टहलें, पानी पिएं या आंखों को आराम दें. इससे दिमाग तरोताजा रहता है और दोबारा पढ़ाई पर ध्यान लगाना आसान हो जाता है.

### 2. मोबाइल को पढ़ाई की जगह से दूर रखें

हर नोटिफिकेशन दिमाग का ध्यान भटकाती है. रिसर्च बताती हैं कि केवल मोबाइल का सामने रखा होना भी एकाग्रता को प्रभावित कर सकता है. इसलिए पढ़ाई शुरू करने से पहले फोन को साइलेंट मोड पर रखें या दूसरे कमरे में रख दें. अगर ऑनलाइन पढ़ाई कर रहे हैं, तो गैरजरूरी ऐप्स और नोटिफिकेशन बंद कर दें.

### 3. एक समय में केवल एक ही काम करें

कई छात्र पढ़ाई के साथ गाने सुनते हैं, चैट करते हैं या बार-बार अलग-अलग विषय बदलते रहते हैं. इसे मल्टीटास्किंग कहा जाता है, लेकिन वैज्ञानिकों का मानना है कि इससे काम की गुणवत्ता और याद रखने की क्षमता दोनों कम हो सकती हैं. इसलिए एक समय में सिर्फ एक विषय पर ध्यान दें और उसी को पूरा करने की कोशिश करें.

### 4. पर्याप्त नींद और सही खानपान लें

अगर नींद पूरी नहीं होगी तो दिमाग नई जानकारी को सही तरीके से याद नहीं रख पाएगा. रोजाना 7 से 9 घंटे की अच्छी नींद लेने की कोशिश करें. इसके साथ ही फल, हरी सब्जियां, मेवे, बीज और प्रोटीन से भरपूर भोजन लें. पर्याप्त पानी पीना भी जरूरी है, क्योंकि शरीर में पानी की कमी होने पर भी ध्यान लगाने में परेशानी हो सकती है.

### याद रखें

हर व्यक्ति का पढ़ने का तरीका अलग होता है. इसलिए जरूरी नहीं कि हर तकनीक सभी पर समान रूप से काम करे. आप इन तरीकों को कुछ दिनों तक अपनाकर देखें और जो तरीका आपके लिए सबसे बेहतर साबित हो, उसे अपनी स्टडी रूटीन का हिस्सा बना लें. नियमित अभ्यास, अनुशासन और सही आदतों के साथ पढ़ाई करना न सिर्फ आसान होगा, बल्कि आपकी याददाश्त और प्रदर्शन में भी सुधार देखने को मिलेगा.

### 5. मेडिटेशन और गहरी सांस लेने का अभ्यास करें

रोजाना 10 मिनट मेडिटेशन या गहरी सांस लेने की एक्सरसाइज करने से तनाव कम होता है और दिमाग शांत रहता है. इससे पढ़ाई के दौरान फोकस बेहतर होता है. अगर मेडिटेशन करना मुश्किल लगता है, तो आंखें बंद करके कुछ मिनट तक केवल अपनी सांसों पर ध्यान केंद्रित

# एंटीऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर होती है आम की गुठली

पाचन तंत्र को मजबूत बनाने में भी आम की गुठली बेहद लाभकारी और गुणकारी हैं. इसमें फाइबर पाया जाता है, जो भोजन को आसानी से पचाने में मददगार साबित हो सकता हैं. कई लोग गैस, अपच और कब्ज जैसी परेशानियों में इसके चूर्ण का सेवन करते हैं. इसके कुछ प्राकृतिक गुण भी होते हैं, जो पेट के स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने में मददगार हैं, लेकिन लगातार समस्या रहने पर डॉक्टर से जरूर दिखाए.

आम की गुठली ब्लड शुगर के स्तर को भी कंट्रोल करने में बहुत सहायता प्रदान कर सकती हैं. आम की गुठली इंसुलिन की कार्यक्षमता को बेहतर बनाने में बेहद लाभकारी और गुणकारी है. यही नहीं, आम की गुठली मेटाबॉलिज्म को सक्रिय रखने में भी अहम भूमिका निभा सकती हैं. यह वजन और कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने वालों के लिए संजीवनी समान है.

आम की गुठली न केवल आंतरिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि त्वचा और बालों के लिए भी बेहद उपयोगी मानी जाती है. इसकी गिरी से निकाला गया तेल या तैयार किया गया पाउडर त्वचा को नमी देने और रूखापन



कम करने में मदद कर सकता है. कुछ लोग इसे बालों की मजबूती और झड़ने की समस्या कम करने के लिए भी उपयोग में लाते हैं.

अगर आम की गुठली का उपयोग करना हैं, तो सबसे पहले इसको अच्छी तरह साफ करके धूप में सुखा लेना चाहिए. पूरी तरह सूख जाने के बाद उसका बाहरी कठोर हिस्सा हटाकर अंदर की गिरी निकाल ले. इस गिरी को मिक्सर में बारीक पीसकर चूर्ण तैयार करना चाहिए और इसे नमी से बचाने के लिए एयरटाइट डिब्बे में सुरक्षित रख दें.

अगर आम की गुठली के सेवन करने की बात करें, तो साधारणतया रोज तीन से पांच ग्राम यानी लगभग आधा छोटा चम्मच चूर्ण पर्याप्त माना जाता है. इसे सामान्य स्वास्थ्य के लिए सादे या गुनगुने पानी के साथ लिया जा सकता है. यदि दस्त या पेचिश जैसी समस्या हो, तो कई पारंपरिक जानकार या डॉक्टर की राय लेकर करना चाहिए. किसी बीमारी में नियमित उपयोग से पहले चिकित्सकीय सलाह बहुत जरूरी है.

आम की गुठली के फायदे के साथ-साथ उतनी ही सावधानी बरतना भी जरूरी है. कच्ची गुठली या बिना सही तरीके से तैयार किए गए पाउडर का अधिक सेवन करने से पाचन संबंधी परेशानी, गले में खराश, त्वचा पर एलर्जी या अन्य समस्याएं हो सकती है. अतः हमेशा सीमित मात्रा में ही इसका सेवन उचित होता है.

# दर्द, घाव और त्वचा की बीमारी में फायदेमंद सीहोर का पौधा



हमारे आसपास ऐसे कई पेड़-पौधे मौजूद हैं, जिनका उपयोग सदियों से आयुर्वेद में किया जाता रहा है. इन्हीं में से एक है सीहोर का पौधा. यह पौधा गांवों, खेतों के किनारों और जंगलों में आसानी से देखने को मिल जाता है. आयुर्वेदाचार्यों के अनुसार, सीहोर के पौधे में कई ऐसे प्राकृतिक गुण पाए जाते हैं, जो शरीर की कई समस्याओं में लाभ पहुंचाने वाले माने जाते हैं. इसकी पत्तियां, छाल और अन्य हिस्सों का उपयोग पारंपरिक चिकित्सा में लंबे समय से किया जाता रहा है.

**सूजन और दर्द में माना जाता है लाभकारी:** वैद्य विष्णु दत्त प्रजापति बताते हैं कि सीहोर में ऐसे प्राकृतिक तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर की सूजन को कम करने में मदद कर सकते हैं. पुराने समय से इसकी पत्तियों और छाल का उपयोग सूजन वाले स्थान पर लेप के रूप में किया जा रहा है. आयुर्वेद में इसे दर्द कम करने वाली औषधियों में भी शामिल किया जाता है. खासकर जोड़ों के दर्द और मांसपेशियों में होने वाली तकलीफ में इसका उपयोग पारंपरिक रूप से किया जाता रहा है.

**घाव भरने में भी किया जाता है प्रयोग:** सीहोर के पौधे का उपयोग पुराने और सामान्य घावों को भरने के लिए किया जाता है. इसकी पत्तियों का लेप प्रभावित स्थान पर लगाया जाता है. माना जाता है कि इससे घाव जल्दी भरने में मदद मिलती है और संक्रमण का खतरा भी कम हो सकता है. हालांकि किसी भी गंभीर घाव का इलाज डॉक्टर की सलाह से ही कराना चाहिए.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### पत्नी की हत्या में जेल से लौटते ही छोटे भाई की पत्नी की कर फिर खुद भी फांसी पर लटक गया

**मिर्जापुर.** यूपी के मिर्जापुर में एक शख्स ने पत्नी की हत्या में जेल की सजा काट कर लौटते ही फिर खूनी खेल खेल दिया। उसने अपने छोटे भाई की पत्नी को मौत के घाट उतार दिया। यही नहीं भयाहू के मर्डर के बादखुद भी मौत को गले लगा लिया। फांसी पर लटक गया। बताया जा रहा है कि आरोपी छोटेलाल उर्फ कलट्टर पूर्व में अपनी पत्नी की दहेज हत्या के मामले में दोषी ठहराया गया था, और करीब 9 साल की सजा काटने के बाद लगभग एक साल पहले जेल से रिहा होकर गांव लौटा था। इसके बाद से वह घर पर रहता था। बताया जा रहा है कि जब ननकू की पत्नी संगीता अपने घर पर थी, उसी वक्त आरोपी छोटेलाल उर्फ कलट्टर का किसी बात को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद आरोपी का पारा हाई हो गया। आरोपी ने संगीता की बेहरमी से पिटाई कर दी, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हैवान जेठ ने इसके बाद भयाहू की हत्या करने के बाद थोड़ी दूरी पर जाकर बगीचे में पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

### कोल्ड ड्रिंक के बहाने 7 साल की बच्ची को सुनसान जगह पर ले गए दो पड़ोसी, गैंगरेप कर फरार

**हापुड़.** सात साल की बच्ची को पड़ोस में रहने वाले दो चचेरे भाइयों ने कोल्ड ड्रिंक दिलवाने के बहाने से बुलाया और सुनसान क्षेत्र में ले जाकर वारदात को अंजाम दिया। घटना, हापुड़ क्षेत्र के पिलखुवा थानाक्षेत्र की है। घर पहुंची बच्ची की हालत देख सब सन्न रह गए। उससे इस बारे में पूछा गया तो मासूम ने सारी घटना बयां की। बच्ची की बात सुनने के बाद परिवार गम और गुस्से से भर गया। परिवार ने इस मामले में पुलिस से शिकायत और कार्रवाई की ठानी तो गांव में पंचायत कर मामले को दबाने को प्रयास किया गया। हालांकि देर शाम बच्ची की हालत बिगड़ी तो पुलिस को सूचना दी गई। आरोपी युवक वारदात के बाद से ही फरार हैं। उनके परिवार के दो सदस्यों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### अमीन एक लाख की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार, एंटी करप्शन टीम की बड़ी कार्रवाई

उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार निवारण संगठन देवीपाटन मण्डल की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नगर पालिका परिषद गोंडा के संप्रति नजूल अमीन को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है। एंटी करप्शन के निरीक्षक धनंजय कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित ट्रैप टीम ने सोमवार को यह कार्रवाई की है। बताया जाता है कि आरोपी गुरुचरन पाण्डेय पुत्र स्व. राम चन्द्र पाण्डेय वर्तमान में नगर पालिका परिषद गोंडा में नजूल अमीन के पद पर तैनात हैं। शिकायतकर्ता परिवर्तन शुक्ला पुत्र स्व. विजेन्द्र शुक्ला, निवासी मॉडन टाउन थाना सिविल लाइन्स, जनपद रोहतक, हरियाणा, हाल पता- जॉन पार्कर शो रूम, एलबीएस चौराहा, थाना कोतवाली नगर ने शिकायत की थी।

# दावा- रूस का सबसे सीक्रेट प्लेन ईरान पहुंचा

- हवा में रहकर जंग कंट्रोल कर सकता है
- अमेरिका का 24 घंटे में 140 ईरानी ठिकानों पर हमला

मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच रूस ने अपना बेहद सुरक्षित Tu-214PU एयरबोर्न कमांड विमान तेहरान भेजा है। दुनिया भर में उड़ रहे विमानों की रियल-टाइम लोकेशन दिखाने वाली वेबसाइट फ्लाइटराडार24 ने यह दावा किया है।

Tu-214PU सामान्य VIP प्लेन नहीं है। इसमें सुरक्षित और एन्क्रिप्टेड कम्युनिकेशन सिस्टम, कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम और स्पेशल डेटा लिंक लगे हैं। इनकी मदद से संकट की स्थिति में भी रूस का टॉप लीडर उड़ान के दौरान सेना और सरकार का संचालन कर सकते हैं।



इसी वजह से इसे रूस का 'डूम्सडे प्लेन' यानी कि 'प्रलय के दिन इस्तेमाल होने वाला विमान' भी कहा जाता है। यह विमान रोसिया स्पेशल फ्लाइट स्क्वाड्रन संचालित करता है। यही स्क्वाड्रन रूस के राष्ट्रपति और देश के शीर्ष राजनीतिक व सैन्य नेतृत्व की उड़ानों का जिम्मा संभालता है।

Tu-214PU के मिशनों का पूरा रिकॉर्ड सार्वजनिक नहीं किया जाता। हालांकि यूक्रेन जंग के दौरान यह विमान कई बार उड़ान भरता देखा गया। रूस के पास ऐसे कितने विमान हैं, इसकी भी जानकारी सार्वजनिक नहीं है।

यह प्लेन ऐसे समय तेहरान पहुंचा है, जब अमेरिका ईरान के सैन्य ठिकानों पर लगातार हमले कर रहा है और ईरान जवाबी कार्रवाई कर रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस विमान का तेहरान पहुंचना एक बड़ा रणनीतिक संकेत है। इससे यह संदेश जाता है कि रूस, ईरान के साथ उच्च स्तर पर संपर्क बनाए हुए है।

ईरान और अमेरिका के बीच जंग लगातार जारी है। अमेरिका ने रविवार को ईरान में 140 ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए। इसके जवाब में ईरान ने सोमवार को कुवैत और बहरीन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले का दावा किया।

# TTE सब्जी की तरह खाली बर्थ बेचते हैं

## कलकत्ता हाईकोर्ट बोला- इसी वजह से ट्रेनों में लूट की घटनाएं होती हैं, रेलवे एक्शन ले

**कोलकाता.** कलकत्ता हाईकोर्ट ने ट्रेन में पैसे लेकर खाली बर्थ देने वाले TTE पर सख्त टिप्पणी की है। कोर्ट ने सोमवार को कहा कि TTE खाली बर्थ ऐसे बेचते हैं, जैसे बाजार में सब्जियां बिकती हैं। इसी वजह से ट्रेनों में नशीला पदार्थ खिलाकर लूट की घटनाएं होती हैं।

जस्टिस राजशेखर मंथा और जस्टिस बिस्वरूप चौधरी की बेंच 2009 में तीस्ता-तोरसा एक्सप्रेस में हुई लूट और मौत के मामले में दो दोषियों की अपील पर सुनवाई कर रही थी। इसी दौरान कोर्ट ने यह टिप्पणी की।

बेंच ने कहा कि पैसे लेकर जनरल टिकट वाले यात्रियों को खाली बर्थ देने से अपराधियों को ट्रेनों में यात्रियों तक पहुंचने का मौका मिल जाता है। रिकॉर्ड से यह भी पता चला कि इस यात्रा के



दौरान सिर्फ एक नहीं, बल्कि कई TTE ने अपनी जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभाई।

### कोर्ट के फैसले की 3 मुख्य पॉइंट्स...

पुलिस जांच में कई बड़ी कमियां रहीं। मृतक के विसरा की फॉरेंसिक जांच नहीं कराई गई। दूसरे यात्री के अस्पताल के रिकॉर्ड भी नहीं जुटाए गए। इन्हीं कमियों की वजह से हत्या का आरोप साबित नहीं हो सका।

कोर्ट ने हत्या, हत्या के प्रयास और चोरी की धाराओं में दी गई सजा रद्द कर दी। अपराध करने के इरादे से नशीला पदार्थ देने के मामले में IPC की धारा-328 के तहत सजा बरकरार रखी।

दोनों आरोपी इस धारा में तय सात साल की सजा से ज्यादा समय जेल में बिता चुके हैं, इसलिए कोर्ट ने उनकी रिहाई का आदेश दिया।

हाईकोर्ट ने अपने फैसले की कॉपी पूर्वी रेलवे के महाप्रबंधक समेत देशभर के रेलवे अधिकारियों को भेजने को कहा। पैसे लेकर खाली बर्थ बेचने वाले TTE के खिलाफ कार्रवाई के आदेश।

### 17 साल पुराने केस में फैसला सुनाया

23 फरवरी 2009 को न्यू जलपाईगुड़ी से सियालदह जा रही तीस्ता-तोरसा एक्सप्रेस में दो यात्री जनरल टिकट पर सफर कर रहे थे। दोनों ने TTE को पैसे देकर S-8 कोच में खाली बर्थ ली।

यात्रा के दौरान दो लोगों ने उनसे दोस्ती की और खाने-पीने की चीजों में नशीला पदार्थ मिलाकर उन्हें बेहोश कर दिया। इसके बाद आरोपियों ने दोनों यात्रियों का सामान लूट लिया। इस घटना में सुनील कुमार दास की जहरीला पदार्थ शरीर में जाने से मौत हो गई, जबकि अरुण चक्रवर्ती नौ दिन अस्पताल में भर्ती रहने के बाद बच गए। इसी मामले में दोनों आरोपियों को दोषी ठहराया गया था।

## काशी, मथुरा और संभल विवाद

# हिंदू-मुस्लिम पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट की मध्यस्थता का प्रस्ताव ठुकराया

- कहा- केस लड़कर फैसला चाहते हैं

यूपी के तीन मंदिर-मस्जिद विवादों को लेकर हिंदू और मुस्लिम पक्ष ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट की मध्यस्थता का प्रस्ताव ठुकरा दिया है। ये विवाद वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद, मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह और संभल की शाही जामा मस्जिद से जुड़े हैं। बार एंड बेंच के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट ने इन मामलों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए 'समाधान समारोह 2026' पहल के तहत लेटर भेजकर मध्यस्थता का प्रस्ताव दिया था और दोनों पक्षों से सहमति मांगी थी। किसी भी पक्ष ने इसके लिए सहमति नहीं दी। कोर्ट ने यह लेटर कब भेजा



था, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। दोनों पक्षों ने कहा है कि वे अदालत में ही केस लड़कर फैसला चाहते हैं। दरअसल सुप्रीम कोर्ट परिसर में 21 से 23 अगस्त तक 'समाधान समारोह' के तहत विशेष लोक अदालत आयोजित की जाएगी। इसका उद्देश्य लंबी कानूनी लड़ाई के बजाय बातचीत के जरिए हल निकालना है।

# बद्रीनाथ चढ़ावा चोरी- मुख्य आरोपी प्रमोद नौटियाल गिरफ्तार

- पुलिस बोली- 500 के नोट, सोने-चांदी के सिक्के मोबाइल के नीचे छिपाकर ले जाता था

**चमोली.** बद्रीनाथ धाम में चढ़ावा चोरी के मामले में चमोली पुलिस की SIT ने बद्री-केदार मंदिर समिति (BKTC) के निलंबित पर्सनल असिस्टेंट प्रमोद नौटियाल को गिरफ्तार कर लिया है। SIT ने उन्हें 12 जुलाई की रात करीब 10 बजे देहरादून के नेहरू कॉलोनी



स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया।

उन्हें चमोली लाया गया, जहां बद्रीनाथ थाने में उनसे और मंदिर समिति के चार कर्मचारियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, SIT की टीम सादी वर्दी में देहरादून पहुंची थी। बद्रीनाथ थाने में पूछताछ के दौरान जब प्रमोद नौटियाल से पूछा गया कि क्या चढ़ावा चोरी के मामले में मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी भी शामिल हैं, तो उन्होंने सिर हिलाकर नहीं में जवाब दिया।

चमोली पुलिस के अनुसार, 8 जुलाई को प्रभारी मंदिर अधिकारी युद्धवीर पुष्पवाण की शिकायत पर बद्रीनाथ कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था। SP सुरजीत सिंह पंवार के निर्देश पर गठित SIT ने सीसीटीवी फुटेज, गवाहों के बयान और अन्य साक्ष्यों की जांच की।

जांच में प्रमोद नौटियाल को कई बार मोबाइल के नीचे और जेब में मंदिर की धनराशि व अन्य भेंट सामग्री ले जाते हुए पाया गया। पुलिस के मुताबिक, उन्होंने ₹500 के नोट, सोना-चांदी के सिक्कों के पैकेट, शालिग्राम शिला और केसर का पैकेट भी अवैध रूप से अपने कब्जे में लिया था। मामले में 10 जुलाई को हाईकोर्ट के जस्टिस आलोक मेहरा की एकलपीठ ने प्रमोद नौटियाल की याचिका पर सुनवाई की थी। साथ ही मंदिर समिति से चढ़ावा मामले में 16 जुलाई को स्थिति स्पष्ट करते हुए जवाब दाखिल करने को कहा था।

# पूर्व राज्यसभा सांसद सुभाष चंद्रा के पिता का निधन

- मुंबई में 96 साल की उम्र में अंतिम सांस ली

**मुंबई.** हरियाणा से पूर्व राज्यसभा सांसद और एस्सेल ग्रुप के चेयरमैन डॉ. सुभाष चंद्रा के पिता नंद किशोर गोयनका का सोमवार को निधन हो गया। उन्होंने मुंबई में 96 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली। वे पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे।

उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए मुंबई के मरीन ड्राइव स्थित ए रोड, वसंत सागर में रखा गया है।



मंगलवार सुबह उनका पार्थिव शरीर विशेष विमान से हिसार लाया जाएगा। इसके बाद मोहना मंडी स्थित उनके आवास पर अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। बुधवार सुबह साढ़े 11 बजे अग्रोहा स्थित गोयनका उद्यान में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# बैंकॉक के बार में आग, 27 मौतें

- पार्टी कर रहे 60 से ज्यादा लोग घायल
- जान बचाने के लिए लोग टॉयलेट में छिपे

थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में रविवार देर रात एक बार में आग लगने से 27 लोगों की मौत हो गई, जबकि 63 लोग घायल हो गए। थाई अधिकारियों के मुताबिक आग लगने की वजह बिजली के सिस्टम में खराबी हो सकती है।



सभी घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। आग लगने की वजह की जांच अभी जारी है। फायर ब्रिगेड डिपार्टमेंट ने कहा कि उन्हें रात 12 बजे आग लगने की सूचना मिली। करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक इमारत का बड़ा हिस्सा जल चुका था।

घटनास्थल पर मौजूद एक म्यूजीशियन ने बताया कि बिजली जाने से कुछ देर पहले मंच के पास लगे सर्किट ब्रेकर से धुआं निकलता दिखाई दिया था। इसके बाद एक धमाके की आवाज आई और देखते ही देखते पूरे पब में धुआं भर गया।

उन्होंने बताया कि कई लोग जान बचाने के लिए इमारत के पिछले हिस्से में मौजूद टॉयलेट में घुस गए, जहां पर दम घुटने से उनकी मौत हो गई। थाईलैंड के प्रधानमंत्री अनुतिन चार्नवीराकुल ने घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने कहा कि सभी शव बरामद किए गए हैं।

# सिनर ने लगातार दूसरी बार विंबलडन जीता



- ज्वेरेव को चार सेट में हराया

वर्ल्ड नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने विंबलडन 2026 का पुरुष एकल खिताब अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ 24 वर्षीय सिनर लगातार दूसरी बार विंबलडन चैंपियन बने। वे ओपन एरा में विंबलडन पुरुष एकल खिताब बचाने वाले इतिहास के सिर्फ 10वें खिलाड़ी बन गए।

24 साल के सिनर ने पहली बार फाइनल खेल रहे में जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-7(7), 7-6(2), 6-3, 6-4 से हराकर लगातार दूसरी बार ट्रॉफी जीती। यह मैच 3 घंटे 46 मिनट तक चला। इसी के साथ सिनर ने करियर का 100वां ग्रैंड स्लैम मैच जीतने की अचीवमेंट भी हासिल की। चैंपियन बनने पर सिनर को 36 लाख पाउंड (करीब ₹42 करोड़) की इनामी राशि भी मिली। वे एटीपी रैंकिंग में नंबर-1 बने रहेंगे। उनके और नए नंबर-2 बनने वाले ज्वेरेव के बीच 4,970 अंकों का अंतर रहेगा।

- यह 5वां ग्रैंड स्लैम टाइटल, इस साल पहला

यह सिनर के करियर का 5वां ग्रैंड स्लैम और 2026 सीजन का पहला मेजर खिताब है। इससे पहले वे फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में जुआन मैनुअल सेरुंडोलो से हारकर बाहर हो गए थे। हालांकि, उन्होंने ग्रास कोर्ट पर शानदार वापसी की। सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविच को सीधे सेटों में हराने के बाद फाइनल में भी उन्होंने दमदार प्रदर्शन किया।

- पहला सेट गंवाया, फिर शानदार वापसी

फाइनल का पहला सेट टाई-ब्रेक तक पहुंचा, जहां ज्वेरेव ने बढ़त बना ली। फिर सिनर ने दूसरे सेट का टाई-ब्रेक जीतकर मुकाबले में बराबरी की।

तीसरे और चौथे सेट में उन्होंने एक-एक बार ज्वेरेव की सर्विस तोड़ी और पूरे मैच में अपने खिलाफ मिले इकलौते ब्रेक प्वाइंट को भी बचा लिया।

### ज्वेरेव पर लगातार 10वीं जीत

सिनर ने ज्वेरेव के खिलाफ लगातार 10वीं जीत दर्ज की। वहीं जर्मन खिलाड़ी का लगातार दूसरे ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचने के बावजूद दूसरा मेजर खिताब जीतने का सपना अधूरा रह गया। यह सिनर का 2026 सीजन का छठा एटीपी खिताब है। इससे पहले वह रोम मास्टर्स जीतकर करियर गोल्डन मास्टर्स पूरा कर चुके हैं।

### युवराज, अभिषेक-वैभव मैच देखने पहुंचे

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह, मौजूदा टीम के ओपनर अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन और वैभव सूर्यवंशी फाइनल मैच देखने पहुंचे। वैभव ने अपने इंस्टा में विंबलडन फाइनल की फोटो साझा की।

# 7 दिन में फिर रफ्तार पकड़ेगा मानसून

**नई दिल्ली.** राजस्थान, गुजरात और उत्तर-पश्चिम भारत के कई हिस्सों में बीते 3-4 दिनों में कमजोर पड़ा मानसून 20 जुलाई से फिर रफ्तार पकड़ेगा। सैटेलाइट इमेज में पूर्वी, मध्य और पूर्वोत्तर भारत के ऊपर घने बादल दिखाई दे रहे हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, बांग्लादेश और पूर्वोत्तर के ऊपर बने चक्रवाती सिस्टम और पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) के कारण अगले कुछ दिनों में बारिश की गतिविधियां तेज होंगी।

मौसम विभाग ने आज उत्तर प्रदेश, बिहार समेत 18 राज्यों में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, पूर्वोत्तर राज्यों और पूर्वी उत्तर प्रदेश में अगले 6-7 दिनों तक कई जगह अच्छी से भारी बारिश होने का अनुमान है।

### उत्तराखंड में लैंडस्लाइड से 126 सड़कें बंद

- उत्तराखंड में लगातार बारिश के कारण कई जगह लैंडस्लाइड हुई है। 2 नेशनल हाईवे समेत 126 सड़कें बंद हैं। स्यानाचट्टी के पास ऋषिकेश-यमुनोत्री हाईवे रविवार को लगातार तीसरे दिन भी बंद रहा।
- हरियाणा में हिमाचल से आ रहे पानी के कारण यमुना और मारकंडा नदी में पानी बढ़ गया है। इससे कई गांवों में बाढ़ जैसे हालात हैं। दिल्ली में बारिश से यमुना का जलस्तर बढ़ गया है। रविवार को यमुना नदी में नहाने गए 4 बच्चे तेज बहाव में बह गए।

**Ulhasnagar Municipal Corporation**
**उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर**
**निविदा सुचना क्र. उमपा/विद्युत/टे-02/08,09,10,11,12,13,14,15,16,17,18,**
**(सन 2026-2027)**

उल्हासनगर महानगपालिकेच्या विद्युत अभियांत्रिकी विभागातर्फे इच्छुक ओजन्सी / ठेकेदारांकडून ई-निविदा/ निविदा प्रकियेव्दारे दोन लिफाफा पध्दतीने जाहिर निविदा http://Mahatenders.gov.in/nicgep/app?component=%24DirectLink&page=FrontEndTenderDetails&Service=direct&Session=T&sp=S9EoBn90rloh.... या वेबसाईट वरुन मागवित आहे.

| अ. क्र. | कामाचे नाव | निविदा रक्कम रुपए | निविदा अनामत रक्कम (EMD) | निविदा फार्म फी | सुरक्षा अनामत रक्कम | निविदा कालावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | उल्हासनगर महानगरपालिका, क्षेत्रातील इलेक्ट्रिक वाहनांकरिता (EV) चार्जिंग स्टेशनचे अपग्रेडेशन करणे तसेच 60 kw क्षमतेचा (DC) फास्ट चार्जर अतिरिक्त बसविणे आणि 5 वर्षाच्या देखभाल दुरुस्तीकरिता खर्चासहीत मिळणेबाबत | 14,45,500/- | 14,500/- | 1,711 सर्व करांसहीत | निविदा कार्यादेशाच्या किंमतीवर 5% | 60 दिवस |
| 2. | उल्हासनगर महानगरपालिका, क्षेत्रातील दिवाबत्तीची देखभाल /2 दुरुस्तीकरीता अत्यंत ऊर्जा कार्यक्षम 60 वॅट एलईडी खरेदी व बसविणेची आवश्यकता असलेबाबत. | 20,71,700/- | 21,000/- | 2,478 सर्व करांसहीत | निविदा कार्यादेशाच्या किंमतीवर 5% | 60 दिवस |
| 3. | उल्हासनगर महानगरपालिका प्रशासकीय इमारतीवर सुरक्षिततेच्या 3 दृष्टीने Lighting Arrestor (वीज अटकाव यंत्रणा) बसविण्याबाबत. | 8,58,000/- | 9000/- | 1,062 सर्व करांसहीत | निविदा कार्यादेशाच्या किंमतीवर 5% | 60 दिवस |
| 4. | उल्हासनगर महानगरपालिका क्षेत्रातील डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर 4 अभ्यासिकेतील विद्युत व्यवस्थेचे नुतनीकरण करणे आणि पॉवर बॅकअप सिस्टिम बसविणेबाबत. | 11,06,200/- | 11,500/- | 1,357 सर्व करांसहीत | निविदा कार्यादेशाच्या किंमतीवर 5% | 60 दिवस |
| 5. | उल्हासनगर महानगरपालिका वाल्मिकी वसाहत, उल्हासनगर-5 येथील लिफ्टची नुतनीकरण व वार्षिक देखभाल व दुरुस्ती करणेबाबत | 8,91,000/- | 9000/- | 1,062 सर्व करांसहीत | निविदा कार्यादेशाच्या किंमतीवर 5% | 60 दिवस |
| 6. | उल्हासनगर महानगरपालिका, मुख्यालय येथील 250 kVA D.G. Set ची वार्षिक देखभाल व दुरुस्ती करणेबाबत | 6,87,600/- | 5,000/- | 590 सर्व करांसहीत | निविदा कार्यादेशाच्या किंमतीवर 5% | 60 दिवस |
| 7. | उल्हासनगर महानगरपालिका, क्षेत्रातील किऑक्स सेंटर मधील विद्युत व्यवस्थेची देखभाल व दुरुस्ती व पॉवर बॅक अप सिस्टिम बसविणेबाबत | 9,77,900/- | 10,000/- | 1,180 सर्व करांसहीत | निविदा कार्यादेशाच्या किंमतीवर 5% | 60 दिवस |
| 8. | उल्हासनगर महानगरपालिका, माहिती तंत्रज्ञान विभाग येथील 63.5 kVA D.G. Set ची वार्षिक देखभाल व दुरुस्ती करणेबाबत | 2,92,800/- | 3,000/- | 354 सर्व करांसहीत | निविदा कार्यादेशाच्या किंमतीवर 5% | 60 दिवस |
| 9. | उल्हासनगर महानगरपालिका क्षेत्रातील दिवाबत्तीच्या कंट्रोल पॅनल मध्ये आग प्रतिबंधक उपाययोजनाकरिता Aerosol suppression fire extinguisher Device बसविणे तसेच विद्युत कांमाची गुणवत्ता तपासणे करिता टेस्टिंग आणि मोजमाप टूल घेण्याबाबत | 7,85,000/- | 8,000/- | 944 सर्व करांसहीत | निविदा कार्यादेशाच्या किंमतीवर 5% | 60 दिवस |
| 10. | उल्हासनगर महानगरपालिका कार्यक्षेत्रातील साधु वासवानी उद्यान, गोल मैदान, उल्हासनगर-1 आणि राजीव गांधी उद्यान, उल्हासनगर-2 येथील 10 kWp क्षमतेच्या सोलर रुफ टॉप ऑन ग्रिड प्रणालीचे करुन सोलर हायब्रीड प्रणाली (On Grid + Off Grid with Battery Energy Storage System) मध्ये रुपांतर करण्याच्या कामा करणेबाबत | 19,35,200/- | 19,500/- | 2,301 सर्व करांसहीत | निविदा कार्यादेशाच्या किंमतीवर 5% | 60 दिवस |
| 11. | उल्हासनगर महानगरपालिका क्षेत्रातील मानेताई प्रवेशव्दार ते शिवनेरी हॉस्पिटल रोड, उल्हासनगर-4 येथे नव्याने विकसित करण्यात आलेल्या रस्त्यांवर ऊर्जा कार्यक्षम एलईडी फिक्चर्स व पोल उभारणी करणेबाबत | 18,91,000/- | 19,000/- | 2,242 सर्व करांसहीत | निविदा कार्यादेशाच्या किंमतीवर 5% | 60 दिवस |

निविदा बाबत सविस्तर माहिती http://Mahatenders.gov.in/nicgep/app?component=%24DirectLink&page= Front End Tender Details& Service=direct&Session=T&sp=S9EoBn90rloh... माहिती या वेबसाईट वर उपलब्ध आहे.

सही/-
**कार्यकारी अभियंता (विद्युत)**
उल्हासनगर महानगरपालिका

जा.क्र. उमपा/पीआरओ/813/2026
दि. 13/07/2026

# खचाखच भरी मुंबई लोकल का AC सिस्टम फेल

**संक्षेप...**

### मानसिक रूप से कमजोर लड़की से रेप

**पनवेल.** ग्रामीण पनवेल में एक 25 साल की मानसिक रूप से कमजोर आदिवासी लड़की के साथ सेक्सुअल असॉल्ट का गंभीर मामला सामने आया है। हालांकि लड़की के परिवार को शक था कि उसने घटना को छिपाने की कोशिश की, लेकिन डॉक्टरों, हेल्थ वर्कर और पुलिस की सतर्कता से मामला सामने आ गया। पुलिस ने शिकायतकर्ता के तौर पर केस दर्ज कर लिया है.

■ **यात्रियों को सांस लेने में हुई दिक्कत**

**मुंबई.** सप्ताह के पहले दिन जब भीड़ रेलवे स्टेशनों पर चरम पर होती है, उस दौरान ही मुंबई के मुलुंड स्टेशन पर रुकी भारी भीड़ वाली एसी लोकल का कूलिंग सिस्टम बंद हो गया। इसके चलते ट्रेन में सवार यात्रियों को सांस लेने में काफी तकलीफ हुई। इसके चलते एक यात्री को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। कूलिंग सिस्टम खराब होने के दौरान ट्रेन खचाखच भरी हुई थी।

दरअसल, लोकल एसी ट्रेन में कूलिंग सिस्टम खराब होने की ये घटना सुबह करीब 9.26 बजे की है। मुलुंड स्टेशन के प्लेटफार्म 2 पर खड़ी 8.33 बजे चलने वाली टिटवाला-सीएसएमटी एसी लोकल ट्रेन का एयर कंडीशनिंग सिस्टम खराब हो गया। यह करीब 15 मिनट तक बंद रहा। इसके



चलते डिब्बों में सवार भारी भीड़ की वजह से तापमान बहुत तेजी से बढ़ने लगा।

आम तौर पर नॉन-एसी लोकल ट्रेनों में गेट खुले हुए ही होते हैं लेकिन एसी लोकल वाली ट्रेनों के डिब्बे मेट्रो की तरह ऑटोमैटिक बंद होने वाले होते हैं। ऐसे में जब कूलिंग सिस्टम बंद हो गया, तो लोग चाहकर भी बाहर नहीं निकल पाए, और अंदर सांस लेने में उन्हें दिक्कत होने लगी।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार, तीन यात्रियों ने सांस लेने में तकलीफ की शिकायत की और चिकित्सा सहायता मांगी। फ़हीम अंसारी नाम के एक यात्री को इलाज के लिए पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि अन्य दो यात्री ठीक हो गए और उन्होंने अपनी यात्रा जारी रखी। सोशल मीडिया पर शेयर किए हुए वीडियो में रेलकर्मी और साथी यात्री प्लेटफॉर्म पर पहुंचकर, परेशानियों का सामना कर रहे यात्रियों की मदद करते भी दिखे।

**ट्रेन को मरम्मत के लिए भेजा गया**

अधिकारियों ने बताया कि कुर्ला स्टेशन पहुंचने के बाद ट्रेन को सेवा से हटा दिया गया। एयर कंडीशनिंग में खराबी पाए जाने के बाद एसी लोकल ट्रेन को मरम्मत के लिए वर्कशॉप भेजा गया। बता दें कि कूलिंग सिस्टम खराब होने की यह घटना कोई नई नहीं है।

### ट्रेलर की चपेट में भाई-बहन की मौत

**पनवेल.** पनवेल-JNPT रोड पर तेज़ रफ़्तार ट्रेलर की टक्कर से टू-व्हीलर पर जा रहे भाई-बहन की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों के नाम प्राशु भारद्वाज सिंह (18) और उसकी बहन वंशिका भारद्वाज सिंह (20) हैं, दोनों इंडियाबुल्स, पनवेल के रहने वाले हैं।

इस मामले में ट्रेलर ड्राइवर राजीव कुमार विजयशंकर को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है और उसके खिलाफ पनवेल सिटी पुलिस स्टेशन में लापरवाही से गाड़ी चलाने से मौत का मामला दर्ज किया गया है।

# कल्याण में रीडेवलपमेंट के काम के दौरान बिल्डिंग गिरी

■ **गनीमत रही कोई जनहानि नहीं हुई**

**कल्याण.** कल्याण पश्चिम के घोलपनगर इलाके में रीडेवलपमेंट के तहत चल रही विनायक दर्शन बिल्डिंग, तोड़-फोड़ के काम के दौरान अचानक गिर गई। पूरी घटना कैमरे में कैद हो गई और इसका रोमांचक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। खुशकिस्मती से, बिल्डिंग को पहले ही खाली करा लिया गया था, इसलिए किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

यह घटना रविवार दोपहर करीब 2 बजे हुई। जब रीडेवलपमेंट के लिए तोड़-फोड़ का काम चल रहा था, तो बिल्डिंग का एक बड़ा हिस्सा अचानक गिर गया। जैसे ही बिल्डिंग तेज आवाज के साथ



गिरी, इलाके में धुएं और धूल का एक बड़ा बादल फैल गया। जैसे ही बिल्डिंग गिरी, पास का एक लो-टेंशन बिजली का खंभा भी गिर गया। इस वजह से इलाके में कुछ देर के लिए बिजली सप्लाई बाधित रही। इस घटना के बाद स्थानीय निवासियों ने गुस्सा जताया है। तोड़-फोड़ वाली जगह पर पर्याप्त सिक्योरिटी नहीं थी।

रविवार को हुई इस घटना ने एक बार फिर रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स की सेफ्टी का मुद्दा उठा दिया है। सूत्रों ने बताया कि पुलिस और नगर निगम प्रशासन ने इस मामले में पंचनामा किया है और आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसा कोई कदम नहीं उठाया गया। बिल्डिंग दिनदहाड़े गिर गई। अगर बिल्डिंग खाली नहीं होती, तो बड़ा हादसा हो सकता था। संबंधित ठेकेदारों और अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

### टेम्पो की टक्कर से पैदल व्यक्ति घायल

**कल्याण।** कल्याण पूर्व के पुणे लिंक रोड स्थित नितीनराज होटल के पास तेज रफ्तार टेम्पो की टक्कर से एक पैदल राहगीर घायल हो गया। हादसे के बाद चालक घायल को सड़क पर छोड़कर मौके से फरार हो गया।

पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता किशोर श्रीराम परदेशी (46) 12 जुलाई की शाम करीब 4.30 बजे पैदल काम पर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए टाटा 407 टेम्पो के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए टेम्पो के साइड मिरर से उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिर पड़े और उनकी दाहिनी आंख के पास गंभीर चोट आई।

आरोप है कि चालक ने घायल को कोई चिकित्सीय सहायता नहीं दी और वाहन लेकर फरार हो गया। कोलसेवाडी पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# भिवंडी में अवैध खाद्य कारोबारियों की दुकानों, होटलों पर चलेगा बुलडोजर

■ **मनपा और एफडीए चलाएंगे संयुक्त अभियान**

**भिवंडी.** भिवंडी शहर में बिना लाइसेंस, अस्वच्छ और अवैध रूप से खाद्य पदार्थों की बिक्री करने वाले कारोबारियों के खिलाफ मनपा और अन्न एवं औषध प्रशासन (FDA) संयुक्त विशेष अभियान शुरू करने जा रहे हैं.अभियान के तहत सार्वजनिक स्वास्थ्य को खतरे में डालने वाले प्रतिष्ठानों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी.

गौरतलब हो कि,भिवंडी मनपा आयुक्त अनमोल सागर ने नागरिकों के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने, अवैध रूप से खाद्य सामग्री बेचने और यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं.अभियान में मनपा के लाइसेंस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, अतिक्रमण विरोधी दस्ता तथा एफडीए के अधिकारी संयुक्त रूप से शहरभर में छापेमारी करेंगे.

कार्रवाई हाल ही में भिवंडी के चर्चित फेमस पिज्जा,शोरबा खाद्य प्रतिष्ठान से कथित रूप से भोजन करने के बाद लगभग 143 लोगों के फूड पॉइजनिंग की घटना के बाद की जा रही है. घटना के बाद प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है. मनपा आयुक्त अनमोल सागर और एफडीए सहायक आयुक्त सं. ल. सिरोसीया सहित वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में खाद्य सुरक्षा को लेकर व्यापक रणनीति बनाई गई. अभियान के दौरान होटल, रेस्टोरेंट, बेकरी, मिठाई की दुकानें, फास्ट फूड सेंटर, चाय स्टॉल, जूस सेंटर, किराना दुकाने तथा खाद्य सामग्री बेचने वाले सभी प्रतिष्ठानों की जांच की जाएगी.अधिकारियों ने सभी व्यापारियों से आवश्यक मनपा व्यापार लाइसेंस, खाद्य लाइसेंस (FSSAI), स्वच्छता एनओसी तथा अन्य वैधानिक अनुमतियां समय पर प्राप्त करने और नियमों का पालन करने की अपील की है.

**उक्त बिंदुओं पर होगी सख्त जांच**

व्यापार लाइसेंस और उसके नवीनीकरण की जांच होगी. खाद्य प्रतिष्ठानों में स्वच्छता, कचरा प्रबंधन, सीवरेज, पेयजल और शौचालय व्यवस्था का निरीक्षण होगा .लाइसेंस की शर्तों के उल्लंघन पर नोटिस, लाइसेंस निलंबन, रद्द करने अथवा प्रतिष्ठान सील करने की कार्रवाई होगी. खाद्य सुरक्षा उल्लंघन के मामलों में एफडीए के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के साथ संयुक्त कार्रवाई के दौरान बिना वैध लाइसेंस और आवश्यक अनुमतियों के संचालित सभी अवैध खाद्य व्यवसायों को बंद कराया जाएगा. मनपा प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नागरिकों के स्वास्थ्य से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा .नियमों का पालन नहीं करने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ महाराष्ट्र महानगरपालिका अधिनियम, 1949 तथा खाद्य सुरक्षा कानूनों के तहत कड़ी कानूनी और दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी.

# क्षत्रिय समाज चैरिटेबल ट्रस्ट ने 85 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान

**ठाणे.** क्षत्रिय समाज चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह में 85 से अधिक विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र, ट्रॉफी,बैग,घड़ी, मेडल एवं 1,000 की सम्मान निधि प्रदान कर सम्मानित किया गया।

संस्था के माध्यम संस्थापक एडवोकेट विनयकुमार सिंह ने बताया कि क्षत्रिय समाज चैरिटेबल ट्रस्ट अपने प्रत्येक समाजबंधु को साथ लेकर समाज के सुख-दुःख में सदैव सेवा और सहयोग के लिए कार्य करता रहेगा। उन्होंने कहा कि समाज की एकता, शिक्षा और आपसी सहयोग ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है तथा भविष्य में भी ऐसे समाजोपयोगी कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उद्योगपति रमेश सिंह, शैलेश सिंह, सेवानिवृत्त कर्नल पारसनाथ सिंह, समाजसेवक वीरेश



सिंह,दयाशंकर सिंह, राजेंद्र सिंह, दिग्विजय सिंह, नागेंद्र सिंह, सिंह एवं रणधीर सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल आयोजन मार्गदर्शक प्रभाकर सिंह, अभिराम सिंह, नरेंद्र सिंह, के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह के नेतृत्व तथा पूर्व अध्यक्ष सुधीर सिंह, महासचिव सुनील सिंह, श्रवण कुमार सिंह, उपाध्यक्ष मनोज सिंह, राजेश सिंह, समरजीत सिंह, भगवंत सिंह, संजय सिंह, प्रदीप सिंह, राजनाथ सिंह, हितेश सिंह, प्रमोद शाही, अमर रघुवंशी, श्रीमती मनीषा सिंह, सरिता सिंह, सुषमा सिंह, अनीता सिंह, ऊषा सिंह, रनजीत सिंह, महेश सिंह, रजनीश सिंह, सूरज सिंह तथा दीपक सिंह सहित सभी पदाधिकारियों एवं समाजबंधुओं के सहयोग से संपन्न हुआ।कार्यक्रम को सफल बनाने में शैलेश सिंह, उद्योगपति रमेश सिंह एवं रणधीर सिंह का विशेष योगदान रहा।

उपस्थित सभी अतिथियों एवं समाजबंधुओं ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं तथा ट्रस्ट के इस प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

**शास्त्रीनगर डॉक्टर मारपीट मामला**

### नगरसेवक रमेश म्हात्रे सहित चारों आरोपियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा कोर्ट में पेशी

**कल्याण.** केडीएमसी के शास्त्रीनगर अस्पताल में महिला डॉक्टर, नर्स और कर्मचारियों के साथ मारपीट के मामले में गिरफ्तार शिवसेना (शिंदे) के नगरसेवक रमेश म्हात्रे सहित चारों आरोपियों को कल्याण कोर्ट ने 24 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आरोपियों की कोर्ट में पेशी हुई। डोंबिवली के शास्त्रीनगर अस्पताल में डॉक्टरों के साथ मारपीट करने के आरोप में विष्णुनगर पुलिस ने रमेश म्हात्रे और अन्य तीन आरोपियों को शुक्रवार को कल्याण न्यायालय में पेश किया था। जहां न्यायालय ने उन्हें सोमवार 13 जुलाई तक पुलिस कस्टडी में रखने का आदेश दिया था। हालांकि आज सभी आरोपियों को प्रत्यक्ष रूप से कोर्ट में पेश किया जाना था। लेकिन रमेश म्हात्रे के वकीलों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सुनवाई करने के लिए कोर्ट से अपील की। जिसे मंजूरी मिलने के बाद सभी आरोपियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा पेश किया गया। न्यायाधीश ने सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया। जिसके बाद रमेश म्हात्रे सहित चारों आरोपियों की आधारवाड़ी जेल में रवानगी कर दी गई।

# महेश सुखरामानी ने माउंट आबू स्थित ब्रह्माकुमारी मन्मोहिनीवन का किया दौरा

**उल्हासनगर।** राजस्थान के माउंट आबू स्थित विश्व विख्यात ब्रह्माकुमारी के आध्यात्मिक परिसर मन्मोहिनीवन में महाराष्ट्र राज्य सिंधी साहित्य अकादमी के पूर्व कार्याध्यक्ष एवं शिवसेना नगरसेवक महेश सुखरामानी ने अपनी टीम के साथ पहुंचकर ब्रह्माकुमारी की आदरणीय दीदी से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर महेश सुखरामानी एवं उनकी टीम ने दीदी के आध्यात्मिक, प्रेरणादायी एवं ज्ञानवर्धक प्रवचन का श्रवण किया। प्रवचन में आत्मचिंतन, सकारात्मक सोच, नैतिक मूल्यों, आध्यात्मिक जागरूकता तथा समाज में शांति, प्रेम, भाईचारे और निस्वार्थ सेवा की भावना को जीवन में अपनाने का संदेश दिया



गया। उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने इस दिव्य आध्यात्मिक वातावरण का लाभ उठाते हुए आध्यात्मिक ऊर्जा एवं प्रेरणा का अनुभव किया।

श्री सुखरामानी ने कहा कि आज के तनावपूर्ण जीवन में आध्यात्मिकता ही मनुष्य को मानसिक शांति, आत्मिक शक्ति और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारीज द्वारा मानव कल्याण, नैतिक मूल्यों के संवर्धन एवं विश्व शांति के लिए किए जा रहे कार्य अत्यंत सराहनीय हैं। ऐसे आध्यात्मिक कार्यक्रम समाज में सद्भाव, संस्कार, सेवा और मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# 62 की उम्र में गोविंदा का गजब ट्रांसफॉर्मेशन !

■ **टूटा दांत हुआ गायब, लौट आई वही मुस्कान**

बॉलीवुड के हीरो नंबर 1 गोविंदा जब भी कैमरे के सामने आते हैं, फैंस की नजर उनकी हर छोटी-बड़ी चीज पर टिक जाती है. कभी उनका डांस चर्चा में रहता है तो कभी उनका अंदाज. इस बार भी कुछ ऐसा ही हुआ. हाल ही में गोविंदा पत्नी सुनीता आहूजा के साथ लॉक अप शो में नजर आए और उनके लुक ने सोशल मीडिया पर नई बहस छेड़ दी.

कुछ समय पहले गोविंदा का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वह खुलकर हंसते नजर आए थे. उस वीडियो में फैंस ने उनकी हंसी के साथ-साथ उनका टूटा हुआ दांत भी नोटिस किया था. अब ताजा वीडियो में गोविंदा का वही टूटा दांत पूरी



तरह ठीक नजर आया. उनकी चमकती मुस्कान देखकर फैंस काफी खुश हो गए. सोशल मीडिया पर लोग कह रहे हैं कि- चीची की स्माइल फिर से पहले जैसी हो गई है.

**62 की उम्र में दिखा नया अवतार**

लॉक अप शो में गोविंदा सिर्फ नई स्माइल ही नहीं, बल्कि पहले से ज्यादा फ्रेश और फिट भी नजर आए. उनकी बॉडी लैंग्वेज और कॉन्फिडेंस ने भी लोगों का ध्यान खींचा. कई यूजर्स ने कमेंट किया कि अच्छा लगता है जब गोविंदा खुद पर ध्यान देते हैं. लोगों का मानना है कि अगर वह अपनी फिटनेस और लुक्स पर लगातार काम करें, तो आज भी बड़े पर्दे पर लीड रोल में नजर आ सकते हैं. गोविंदा के ट्रांसफॉर्मेशन पर सोशल मीडिया पर एक और चर्चा तेज हो गई है. कई लोगों का कहना है कि उनके चेहरे में पहले के मुकाबले काफी बदलाव दिख रहा है. कुछ यूजर्स ने तो यहां तक पूछ लिया कि- क्या गोविंदा ने बोटॉक्स कराया है? लोगों का कहना है कि उनका चेहरा पहले से ज्यादा स्मूद और यंग लग रहा है. हालांकि, गोविंदा या उनकी टीम की तरफ से इस तरह के किसी कॉस्मेटिक ट्रीटमेंट की पुष्टि नहीं की गई है.

# वांगनी में शराब तस्कर गिरफ्तार

■ **1.25 लाख रुपये से ज़्यादा का माल ज़ब्त**

**बदलापुर.** पुलिस ने कुलगांव थाने की वांगनी पुलिस चौकी की हद में गैर-कानूनी तरीके से देसी और विदेशी शराब की तस्करी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है और उसके पास से करीब 1,34,925 रुपये का शराब का स्टॉक और एक मोटर कार ज़ब्त की है। सहायक पुलिस निरीक्षक शिवाजी ढवले की देखरेख में पुलिस कांस्टेबल जयसिंह राठौड़, पुलिस कांस्टेबल भूषण राजपूत और होमगार्ड अक्षय मसने वांगनी पुलिस चौकी की हद में शराबबंदी के लिए पेट्रोलिंग कर रहे थे। उसी समय पुलिस कांस्टेबल भूषण राजपूत को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति MH-



02-BM-8955 नंबर की स्विफ्ट डिज़ायर कार में देसी और विदेशी शराब ले जा रहा है और इसे वांगनी इलाके में गैर-कानूनी तरीके से बेचने के लिए ला रहा है।

इस सूचना के आधार पर पुलिस ने वांगनी पश्चिम में पंचायत के सामने जाल बिछाया और उस गाड़ी को रोका। जब गाड़ी की तलाशी ली गई तो उसमें देसी और विदेशी शराब का स्टॉक मिला। इसमें GM ऑरेंज, रॉयल स्टैग व्हिस्की, मैकडॉवेल्स नंबर 1 व्हिस्की, रॉयल चैलेंज व्हिस्की और रोमानो क्ल ासिक वोडका जैसे अलग-अलग ब्रांड की शराब शामिल थी।

इस मामले में, ड्राइवर ललित शंकर कोटाई (उम्र 32), निवासी खरवाई नाका, बदलापुर (पश्चिम) को हिरासत में लिया गया। आरोपी के पास से देसी और विदेशी शराब का स्टॉक और मोटर कार जब्त कर ली गई है और उसके खिलाफ महाराष्ट्र शराबबंदी कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस मामले की आगे की जांच पुलिस कांस्टेबल जयसिंह राठौड़ असिस्टेंट पुलिस इंस्पेक्टर शिवाजी ढवले के मार्गदर्शन में कर रहे हैं।

### कल्याण पूर्व में मुफ्त पीएनजी रजिस्ट्रेशन कैंप

**कल्याण.** कल्याण पूर्व के तिसाई हाउस में विधायक सुलभा गणपत गायकवाड के मार्गदर्शन और महानगर गैस के सहयोग से पीएनजी रजिस्ट्रेशन कैंप एवं ग्राहक मेले का आयोजन किया गया। शिविर में नए घरेलू पीएनजी कनेक्शन के लिए शून्य अग्रिम शुल्क पर तत्काल रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध कराई गई, जिससे बड़ी संख्या में नागरिकों ने लाभ उठाया।

शिविर में व्यक्तिगत मकानों और आवासीय इमारतों के लिए नए पीएनजी कनेक्शन का पंजीकरण किया गया। साथ ही महानगर गैस से संबंधित शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर नागरिकों को राहत दी गई। कार्यक्रम को स्थानीय लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिला और बड़ी संख्या में नागरिकों ने रजिस्ट्रेशन कराया।

# अध्यात्म व उत्तम स्वास्थ्य का सन्मार्ग मूल्यवान समय -सुधांशु महाराज

■ **वरदान लोक आश्रम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर हजारों भक्तों ने किए दर्शन**



**ठाणे.** प्रातःकालीन समारोह में राज्य के कोने कोने से वरदान लोक आश्रम में आए गुरु भक्तों ने गुरु पूर्णिमा के मंगल अवसर पर गुरुदेव के दर्शन एवं आशीर्वचन सुनने का अवसर प्राप्त हुआ है। इस मौके पर परम श्रद्धेय सुधांशु महाराज ने कहा कि गुरु के समीप रहकर उनके नियमों का पालन करते हुए आसन पर बैठने से जीवन में दिव्य आशीर्वाद बरसता है और अपना अमूल्य समय किसी और को देने के बजाय केवल परमात्मा, गुरु और स्वयं की सेहत के लिए निकालें जिससे जीवन में निरंतर पुण्य कर्म होता रहे। पूज्य महाराज ने आगे कहा कि गुरु कृपा से मेरी वाणी में ऐसा दिव्य आकर्षण हो कि हर कोई प्रभावित हो और घर में सदैव सुख-समृद्धि और माता लक्ष्मी की कृपा मिलती रहे तथा मुझे भीतर से वह आत्मिक शक्ति मिले जिससे मैं निर्भय होकर दूसरों को भी अभय का दान दे सकूँ।कार्यक्रम का समापन गुरु आरती, गुरु दर्शन, गुरु पूजन एवं महाआरती के साथ हुआ।

उल्हास वि NEWS LIVE

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com

Google Play

GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel

Subscribe



Late Shri. ASHOK U. BODHA 18-02-1945 to 19-12-2017

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

उल्हास विकास

सब पे नजर, सबकी खबर

Since 1985

www.ulhasvikas.com

epaper.ulhasvikas.com

Chief Editor Hero Ashok Bodha

L.L.B., BMM, MA (PS)

# ‘सिग्नल, यार्ड और कार शेड से ट्रेन में न चढ़ें यात्री’

■ **सेंट्रल रेलवे ने दी चेतावनी**

**मुंबई.** सेंट्रल रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वह केवल रेलवे स्टेशन के निर्धारित प्लेटफॉर्म से ही ट्रेनों में चढ़ें और उतरें। रेलवे ने यार्ड, कार शेड, सिग्नल या अन्य अनधिकृत स्थानों से ट्रेन में चढ़ने की कोशिश न करने की सलाह दी है। सेंट्रल रेलवे के अनुसार, यह देखा गया है कि रोजाना सुबह करीब 8 बजे से 8:30 बजे के बीच कलवा कार शेड से निकलने वाली एक खाली लोकल ट्रेन मुख्य प्रवेश द्वार के पास सिग्नल के कारण कुछ समय के लिए रुकती है। इस दौरान कुछ यात्री गेट पार कर सिग्नल पर खड़ी ट्रेन में चढ़ने की कोशिश करते हैं। रेलवे ने इसे बेहद खतरनाक बताते हुए कहा कि यदि सिग्नल मिलने के बाद ट्रेन अचानक चल पड़ती है तो गंभीर हादसा हो सकता है, जिससे यात्रियों की जान को खतरा पैदा हो सकता है और वे घायल भी हो सकते हैं। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सेंट्रल रेलवे ने संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर इस गेट को स्थायी रूप से बंद करने का फैसला किया है।

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099